


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 43 | ग्वालियर शुक्रवार 11 नवम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## शिंदे कैंप ने किया संजय राउत का स्वागत

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत बाहर आ गए हैं। राजनीतिक गलियारों में उनका स्वागत जारी है। खास बात है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई में शिवसेना से अलग हुए समूह भी राउत का स्वागत कर रहा है। साथ ही समूह का कहना है कि राउत के साथ कोई व्यक्तिगत रूप से दुश्मनी नहीं है। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और शिंदे समूह के प्रवक्ता दीपक केसरकर ने कहा कि राउत को जमानत देने के फैसले का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा, हम संजय राउत को मिली जमानत का स्वागत करते हैं। हमें उनसे कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है। अगर संजय राउत गलत बोलते हैं, तो उन्हें उसी तरह जवाब दिया जाता है। अगर वह ठीक से बात करेंगे, तो उनका समर्थन किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, जब यह रास्ता अपनाया जाता है, तो



निजी संबंधों में दरार नहीं आती। अगर वे आलोचना करते हैं, तो उनकी आलोचना का स्वागत है। आलोचना हमें जवाब देने का मौका देती है, हमारे शासन को बेहतर बनाती है। लेकिन आलोचना करते समय यह उम्मीद की जाती है कि आलोचना सही भाषा में की जाए। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच की आंच का सामना कर रहे राउत करीब 102 दिनों के बाद बाहर आए हैं। गुरुवार को सांसद ने बताया कि वह दिल्ली जाकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा, सरकार ने कुछ निर्णय अच्छे लिए हैं, मैं उनका स्वागत करूंगा। मैं आज उद्धव ठाकरे और शरद पवार से मिलूंगा। कुछ दिनों में राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भी मुलाकात करूंगा। मैं दिल्ली में जाकर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से भी मिलूंगा। इस दौरान उन्होंने साजिश करने वालों को चेतावनी भी दे दी। राउत ने कहा, जिन लोगों ने ये साजिश रची थी, अगर उनको आनंद मिला होगा तो मैं इसमें उनका सहभागी हूं। मेरे मन में किसी के लिए कोई शिकायत नहीं है। मैं पूरी व्यवस्था को या फिर किसी केंद्रीय एजेंसी को दोष नहीं दूंगा। महाराष्ट्र में नई सरकार बनी है। प्रवर्तन निदेशालय ने राउत को 31 जुलाई को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। वे करीब 102 दिनों तक रिहाई के इंतजार में रहे। ईजी मुंबई के उपनगरीय इलाके में स्थित पात्रा चॉल परियोजना में घोटाले की जांच कर रही थी।

## गुजरात में कांग्रेस को बड़ा झटका, विधायक भावेश कटारा बीजेपी में हुए शामिल

**अहमदाबाद।** गुजरात में कांग्रेस विधायक के तौर पर इस्तीफा देने के एक दिन बाद भावेश कटारा बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। कटारा दाहोद जिले के झालोद विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे। कटारा पहले भाजपा में ही थे लेकिन 2017 के चुनावों से पहले कांग्रेस में शामिल हो गए थे। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर झालोद से चुनाव जीता था। वह उस समय राज्य के सबसे युवा विधायकों में से एक थे। वह कांग्रेस के तीसरे विधायक हैं जिन्होंने दो दिन में त्याग पत्र दिया है। उनसे पहले मोहनसिंह राठवा और भगवान बराड़ कांग्रेस का दामन छोड़ सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए थे। कटारा ने बुधवार रात विधानसभा अध्यक्ष निमाबेन आचार्य को उनके आवास पर अपना इस्तीफा सौंपा था। बृहस्पतिवार को पार्टी के प्रदेश महासचिव प्रदीप सिंह वाघेला ने गांधीनगर में पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में औपचारिक रूप से उन्हें भाजपा में शामिल कराया। पत्रकारों से बात करते हुए कटारा ने कहा कि वह बिना किसी शर्त या टिकट के वादे के फिर से भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि मैं पहले भाजपा के साथ था। मैं इस बार चुनाव लड़ने का इच्छुक नहीं हूं। मैं फिर से भाजपा में शामिल हो रहा हूं क्योंकि मैं आदिवासियों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से प्रभावित हूं। कांग्रेस ने कटारा को टिकट नहीं दिया है। पार्टी ने कुछ दिन पहले 43 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। कांग्रेस ने कटारा की जगह मितेश गरासिया को टिकट दिया है जिन्होंने 2012 में झालोद से चुनाव जीता था। झालोद अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित सीट है। गुजरात में दो चरणों में विधानसभा चुनाव होना है। पहले चरण के तहत एक दिसंबर को जबकि दूसरे चरण के अंतर्गत पांच दिसंबर को वोट डाले जाएंगे। मतगणना आठ दिसंबर को होगी।



## धमकी और डरः शराब पर दिल्ली सरकार ने क्यों पीछे लिए कदम

**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने अपनी नई आबकारी नीति को वापस लेते



हुए शराब बिक्री की पुरानी व्यवस्था फिर से लागू करने का फैसला किया है और 1 अगस्त से केवल सरकार द्वारा संचालित दुकानों के माध्यम से ही शराब बेचने का निर्देश दिया है। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को बताया कि दिल्ली सरकार ने नई आबकारी नीति को फिलहाल वापस लेने का फैसला किया है और अब शराब की बिक्री केवल सरकारी दुकानों से करने का निर्देश दिया गया है। सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली के मुख्य सचिव को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है कि शराब अब केवल सरकारी दुकानों के माध्यम से बेची जाए और कोई अराजकता न हो। सरकार के इस फैसले के चलते दिल्ली में चल रहीं 468 निजी शराब की दुकानें 1 अगस्त से उनके लाइसेंस की अवधि खत्म होने के चलते बंद हो जाएंगी। नई आबकारी नीति के तहत की अवधि को 30 अप्रैल के बाद दो बार दो-दो महीने के लिए बढ़ाया गया था। यह अवधि 31 जुलाई को समाप्त होगी।

सिसोदिया ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पुरानी आबकारी नीति में कई सरकारी शराब की दुकानें थीं और ऐसी दुकानों में भारी भ्रष्टाचार हुआ करता था, लेकिन नई आबकारी नीति के साथ इसे रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि नई आबकारी नीति में खुली निविदाओं के माध्यम से पारदर्शी तरीके से लाइसेंस जारी किए गए हैं। सिसोदिया ने कहा कि पुरानी व्यवस्था में सरकार को 6,000 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होता था, जबकि नई आबकारी नीति से सरकार को पूरे वर्ष में 9,500 करोड़ रुपये का राजस्व मिलना तय था। भाजपा पर सीबीआई और ईडी के माध्यम से लाइसेंसधारियों और आबकारी अधिकारियों को धमकाने का आरोप लगाते हुए सिसोदिया ने दावा किया कि 850 शराब की दुकानों में से केवल 468 ही खुल सकीं, क्योंकि कई को दुकान मालिकों ने भाजपा की धमकी के बाद बंद कर दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की धमकियों के बाद अधिकतर दुकान मालिक दुकानें बंद करना चाहते हैं। सिसोदिया ने कहा कि वो (भाजपा) कानूनी मात्रा में शराब की बिक्री को कम करना चाहते हैं। गुजरात की तरह, वो दिल्ली के दुकान-मालिकों, अधिकारियों को धमकाकर नकली, ऑफ-ड्यूटी शराब की बिक्री को बढ़ावा देना चाहते हैं। दिल्ली के साथ भाजपा शासित राज्यों में शराब की दुकानों की संख्या की तुलना करते हुए सिसोदिया ने कहा कि हरियाणा के गुरुग्राम में प्रति 466 लोगों पर एक शराब की दुकान खोली जाती है, जबकि गोवा में यह अनुपात 761 लोगों का है और नोएडा में, प्रति 1,390 लोगों पर एक शराब की दुकान खोली जाती है। सिसोदिया ने कहा कि वर्तमान में दिल्ली में 22,707 लोगों के लिए एक शराब की दुकान है।

## मुलायम की सीट मैनपुरी से बहू डिंपल लड़ेंगी चुनाव

मैनपुरी। यूपी की मैनपुरी लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए सपा ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। मैनपुरी लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार डिंपल यादव होंगी। दरअसल, मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी सीट खाली हुई थी। मैनपुरी सीट पर यादव परिवार का कई दशकों से कब्जा है। इसके लेकर चर्चाएं भी तेज थी कि मुलायम सिंह यादव की राजनीतिक विरासत कौन संभालेगा। अब सपा ने घोषणा कर दी है कि डिंपल यादव



मुलायम की सीट पर चुनाव लड़ेंगी। मैनपुरी लोकसभा सीट मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद रिक्त घोषित की गई है। यह सीट 1996 से सपा के पास है। पांच बार मुलायम सिंह यादव और दो बार बलराम सिंह यादव यहां से चुनाव जीत चुके हैं। उप चुनाव जीतना सपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बना हुआ है। अखिलेश यादव इसी को ध्यान में रख कर राजनीतिक समीकरण बैठाने में जुटे हैं। लोकसभा उपचुनाव के लिए आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। 10 नवंबर से ये नामांकन प्रक्रिया 17 नवंबर तक चलेगी। नामांकन के दौरान कोई समस्या न हो, शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए जिला प्रशासन देर रात तक तैयारियां करता रहा। डीएम, एसपी ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ संयुक्त और अलग-अलग बैठकें की है। कलक्ट्रेट को सील कर दिया गया है। प्रत्याशी और उनके प्रस्तावक ही प्रवेश कर पाएंगे।

## मैनपुरी में डिंपल को उतारने से पहले अखिलेश ने सजाई फील्डिंग

**लखनऊ।** मुलायम सिंह यादव की सीट रही मैनपुरी से समाजवादी पार्टी ने लोकसभा उपचुनाव में डिंपल यादव को मैदान में उतारा है। इस सीट पर यादव परिवार से ही धर्मेंद्र यादव और तेज प्रताप यादव जैसे नेताओं के नाम चर्चा में थे, लेकिन अखिलेश ने पत्नी डिंपल पर भरोसा जताया है। इस तरह नेताजी की खास विरासत को अखिलेश यादव अपने परिवार में ही बनाए रखेंगे। यही नहीं डिंपल को जीत दिलाने के लिए समाजवादी पार्टी ने पूरी फील्डिंग भी सजा ली है। गुरुवार को डिंपल के टिकट का ऐलान हुआ है और उससे पहले बुधवार को पूर्व मंत्री आलोक शाक्य को मैनपुरी का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। मैनपुरी जिले में कुल 17.4 लाख मतदाता हैं और इनमें से 7 लाख की संख्या यादव वोटरों की है। दूसरे नंबर शाक्य मतदाता हैं, जिनके करीब 3 लाख वोटर हैं। इस तरह अखिलेश यादव ने यादव बिरादरी के अलावा शाक्यों को भी साधने की कोशिश की है ताकि चुनावी जीत में सेंध की कोई आशंका न रहे। इससे पहले भाजपा ने 2019 के आम चुनाव में मुलायम सिंह यादव के मुकाबले प्रेम सिंह शाक्य को उतारा था, जिन्हें 4 लाख से ज्यादा वोट मिले थे। वहीं मुलायम सिंह को 5 लाख ज्यादा मत मिले थे और जीत का अंतर 1 लाख



से भी कम था। माना जाता है कि भाजपा कैंडिडेट को शाक्य वोटरों के अच्छे खासे वोट मिले थे। ऐसे में इस बार किसी भी तरह से वोट न बंट पाए, इसकी कोशिश अखिलेश यादव ने पहले से ही शुरू कर दी है। 2019 के आंकड़े को देखते हुए ही कहा जा रहा था कि मुलायम सिंह यादव के गढ़ को बनाए रखना इतना आसान भी नहीं है। हालांकि इस बार सपा को सहानुभूति का वोट भी मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा शाक्य जिलाध्यक्ष के जरिए शाक्यों के बीच भी पैठ की आस है। भाजपा इस साल की शुरुआत में ही सपा की गढ़ कही जाने वाली रामपुर और आजमगढ़ लोकसभा सीटों पर जीत हासिल कर चुकी है। इसलिए सपा के लिए मैनपुरी जीतना अब प्रतिष्ठा का भी सवाल है। गौरतलब है कि डिंपल यादव ने पहली बार 2012 में संसद का रुख किया था। उन्होंने लोकसभा उपचुनाव में कन्नौज सीट से जीत हासिल की थी, जिसे सीएम बनने के बाद अखिलेश यादव ने छोड़ा था। इसके बाद 2014 के आम चुनाव में भी डिंपल को जीत मिली थी, लेकिन 2019 में वह भाजपा के ब्रजेश पाठक हाथों हार गई थीं। अब यदि डिंपल यादव को मैनपुरी में विजय मिलती है तो उनकी लोकसभा में तीसरी पारी होगी।

## पीएम मोदी के छोटे सैनिक पर बड़ी जिम्मेदारी

**गांधीनगर।** भारतीय जनता पार्टी ने गुजरात विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। टिकट की सूची में



क्रिकेटर रविंद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा समेत कई खास नाम शामिल हैं, लेकिन इस बार चर्चा में पाटीदार नेता हार्दिक पटेल भी हैं। खास बात है कि पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छोटे सैनिक पटेल पर वीरमगाम सीट पर भरोसा जताया है। इस सीट पर भाजपा 15 सालों से नहीं जीती है। साल 2017 विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर डॉक्टर तेजश्रीबेन दिलीपकुमार पटेल मैदान में थीं, लेकिन उन्हें कांग्रेस के भरवाड लाखाभाई भीखाभाई के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस उम्मीदवार को 76 हजार 178 टिकट मिले थे। जबकि, भाजपा 69 हजार 630 सीट हासिल कर सकी थी। साल 2012 चुनाव में भाजपा ने पटेल प्रागजीभाई नारानभाई पर भरोसा जताया था। उन्हें चुनाव में 67 हजार 947 वोट मिले थे। लेकिन कांग्रेस के टिकट पर मैदान में उतरे पटेल तेजश्रीबेन दिलीपकुमार ने 84 हजार 930 वोट हासिल कर जीत दर कर ली थी। हालांकि, 2007 चुनाव भाजपा के नाम रहा और भाजपा के राठौड़ कामभाई गागजीभाई ने कांग्रेस के कोली पटेल जगदीशभाई सोमभाई को हराया था। जून में भाजपा में शामिल हुए पटेल ने कहा था, राष्ट्रहित, प्रदेशहित, जनहित एवं समाज हित की भावनाओं के साथ आज से नए अध्याय का प्रारंभ करने जा रहा हूं। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में चल रहे राष्ट्र सेवा के भगीरथ कार्य में छोटा सा सिपाही बनकर काम करूंगा। जून में ही उन्होंने भाजपा में आने पर अपनी रणनीति की जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था कि वे कांग्रेस विधायकों को दूर करने के लिए अभियान शुरू करेंगे। इसके तहत वे हर 10 दिन में कार्यक्रम आयोजित करेंगे, जिसमें विधायकों समेत कांग्रेस नेताओं से भाजपा में शामिल होने के लिए कहेंगे। उन्होंने कहा था, मुझे लगता है कि कांग्रेस पार्टी किसी तरह का काम नहीं करना चाहती। मैं अन्य दलों के के नेताओं से अपील करता हूं कि आएं और भाजपा में शामिल हों। पीएम मोदी पूरी दुनिया की शान हैं।

## मृतक आश्रित कोटे पर हाईकोर्ट का अहम फैसला

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आश्रित कोटे में नियुक्त कर्मचारी द्वारा परिवार के अन्य सदस्यों की देखरेख की जिम्मेदारी पूरी न करने के मामले में तीन माह में उचित निर्णय लेने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि यदि सभी आश्रितों के हित पूरे नहीं करने की स्थिति हो तो वह आश्रित कर्मचारी की नियुक्ति वापस भी ले सकते हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया ने प्रयागराज की सुधा शर्मा व अन्य की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है।

## आजम खान की याचिका खारिज होते ही रामपुर के लिए उपचुनाव की अधिसूचना जारी

**रामपुर।** नफरती बोल पर तीन साल की सजा पाने वाले सपा नेता मोहम्मद आजम खान को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सजा पर स्टे देने से इंकार कर दिया है। उनका स्टे प्रार्थना पत्र कोर्ट ने खारिज कर दिया, जिसके कुछ ही घंटे बाद ही निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना जारी करते हुए चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया है। शुक्रवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। मतदान पांच दिसंबर को होगा। आजम खान को 27 अक्टूबर को एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) ने भ?काऊ भाषण मामले में तीन साल की सजा सुनाई थी। सजा के अगले दिन उनकी विधायकी रद्द करते हुए उप चुनाव की घोषणा कर दी गई। 10 नवंबर से नामांकन प्रक्रिया शुरू होनी थी, जबकि पांच दिसंबर को मतदान होना था। जिस पर आजम खां ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सेशन कोर्ट को निर्देश दिया था कि वह दोषसिद्धि पर रोक लगाने की समाजवादी पार्टी नेता आजम खान के स्टे प्रार्थना पत्र पर बृहस्पतिवार को ही सुनवाई करे और निर्णय भी ले। साथ ही चुनाव आयोग को 10 नवंबर को अधिसूचना जारी न करने का आदेश दिया था। जिस पर आयोग ने दस नवंबर को रामपुर विधानसभा सीट पर होने वाले नामांकन को रोक दिया था। वहीं दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आजम खां के अधिवक्ताओं की ओर से एमपी-एमएलए (सेशन कोर्ट) में प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें निचली अदालत के फैसले के क्रियान्वयन पर रोक लगाने की मांग की थी।

## फिर कष्ट में आनंद शर्मा, हिमाचल में वोटिंग से पहले कांग्रेस पर ही बरसे

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में गुरुवार शाम चुनाव का शोर थम जाएगा। राज्य में 68 विधानसभा सीटों पर 12 नवंबर को वोटिंग होगी। एक तरफ जहां चुनाव प्रचार चरम पर है तो दूसरी तरफ कांग्रेस की फूट खुलकर सामने आ गई है। कांग्रेस के कथित बागी समूह जी-23 का अहम हिस्सा रहे वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने पार्टी के प्रचार अभियान पर सवाल उठाते हुए कहा है कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का इस्तेमाल किया जाना चाहिए था। उन्होंने इस बात पर भी असंतोष जाहिर किया कि प्रचार के लिए उनसे संपर्क नहीं किया गया। शर्मा ने कांग्रेस की जीत को लेकर उम्मीद तो जाहिर की लेकिन लगे हाथ %न्यू पेंशन सिस्टम% के लिए अपनी पार्टी को भी कसूरवार ठहराया। जबकि कांग्रेस इसे भाजपा के खिलाफ बड़ा मुद्दा बनाकर सत्ता में वापसी की कोशिश में जुटी है। पीटीआई को दिए इंटरव्यू में पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की प्रचार योजना में वरिष्ठ नेताओं को शामिल करके इसे और बेहतर किया जा सकता था। शर्मा ने अफसोस जताते हुए कहा कि पार्टी ने उनकी सेवाएं पूरी तरह नहीं लीं। हालांकि, उन्होंने कहा कि पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राज्य में जोरदार तरीके से प्रचार किया और उन्हें विश्वास है कि कांग्रेस चुनाव जीतेगी और स्थिर बहुमत हासिल करेगी।

शर्मा ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस दोनों ही नई पेंशन योजना के प्रभावों का आकलन नहीं करने के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह के मुख्यमंत्री रहने के दौरान लाई गयी इस



योजना को गलत फैसला बताया। उन्होंने कहा, दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से हमने 2012 में राज्य में फिर सरकार बनाने पर इसे सही नहीं किया जिस समय पी चिदंबरम केंद्रीय वित्त मंत्री थे। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह राष्ट्रीय मुद्दा है और केंद्र तथा राज्यों को साथ बैठकर मामले को सुलझाना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवारों ने जहां भी उन्हें आमंत्रित किया, उन्होंने अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता के हिसाब से प्रचार किया, लेकिन केंद्रीय नेतृत्व की ओर से उनके प्रचार की कोई योजना नहीं थी। शर्मा (69) ने कहा, हमारी स्थिति 2017 से बेहतर है क्योंकि हम विशेष महत्व वाले मुद्दों को लेकर जनता तक गये हैं, जिनमें बेरोजगारी, महंगाई, पुरानी पेंशन योजना या अग्निपथ भर्ती योजना शामिल हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा गठित पार्टी की संचालन समिति के सदस्य शर्मा ने विश्वास जताया कि उनकी पार्टी राज्य में भाजपा के तेज प्रचार अभियान के बावजूद अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने भाजपा के प्रचार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई मंत्रियों के जनसभा करने का उल्लेख किया।हिमाचल में राहुल गांधी के कोई जनसभा नहीं करने के बारे में पूछे जाने पर शर्मा ने कहा कि राहुल का ध्यान यात्रा पर है और जाहिर है कि प्रियंका गांधी के मुख्य प्रचारकर्ता होने का फैसला सोच-समझकर लिया गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा, मैं इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहूंगा, यह उनका फैसला था और वह भारत जोड़ो यात्रा में व्यस्त हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रियंका गांधी ने जोरदार अभियान चलाया। लेकिन शायद हम उपलब्ध वरिष्ठ नेताओं को शामिल करके इस प्रचार अभियान को बेहतर बना सकते थे। पार्टी संगठन में बड़े स्तर पर सुधारों की मांग को लेकर 2020 में सोनिया गांधी को पत्र लिखने वाले 23 पार्टी नेताओं के समूह में शामिल रहे शर्मा ने कहा कि पार्टी ने कभी उन्हें प्रचार की रणनीति बनाने में शामिल नहीं किया और ना ही चुनाव के लिए घोषणापत्र बनाने में उनके सुझाव मांगे गए। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि कांग्रेस सदस्य होने के नाते जहां भी उम्मीदवार मुझे आमंत्रित करें, वहां प्रचार के लिए जाना मेरी जिम्मेदारी है लेकिन केंद्रीय नेतृत्व ने मेरे प्रचार करने को लेकर कोई तालमेल नहीं किया। अगस्त में राज्य में पार्टी की संचालन समिति के प्रमुख पद से इस्तीफा देकर शर्मा ने क्या किसी तरह की नाखुशी जताई थी। इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हां, मैं (नाखुश) था क्योंकि मैं संचालन समिति का अध्यक्ष था, लेकिन सलाह-मशविरे में मुझे शामिल नहीं किया गया, मुझे किसी बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया और पार्टी के प्रचार की रणनीतिक योजना बनाने में भी मुझे नहीं जोड़ा गया। मुझसे सलाह नहीं ली गयी, तब भी मैंने प्रचार किया।

# स्वास्थ्य शिक्षा पेयजल की समस्याओं से गुजर रही है जिले की ग्राम पंचायतें: केपी सिंह बुंदेला

## शासन के बजट का पंचायतों के प्रतिनिधि के बदौलत राशि का हो रहा दुरुपयोग एवं भ्रष्टाचार, बंद रहता है पंचायत कार्यालय आवाज उठाने पर सरपंच झूठे मुकदमे हरिजन एक्ट में फंसाने का देती है धमकी

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर**

पन्ना- आदिवासी बनवासी दलित क्रांति सेना के संयोजक एवं राष्ट्रीय खाद्य आपूर्ति मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष के पी सिंह बुंदेला द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि पन्ना जिले की ग्रामीण क्षेत्र ग्राम पंचायतों में शासन की बजट का दुरुपयोग किया जा रहा है। आम व्यक्तियों की मूलभूत समस्याएं जैसी मूल रूप से शिक्षा स्वास्थ्य शुद्ध पेयजल जैसी समस्याओं को निदान करने वासते ग्राम पंचायतों को लाखों रुपए दिए जाते हैं जिससे आम व्यक्तियों की मूल समस्याओं का निदान हो सके। इधर ग्राम पंचायत स्तर के पंचायत प्रतिनिधि सरपंच/ सचिव/ रोजगार सहायक संबंधित सब इंजीनियर शासन की राशि पर चूना लगाकर भ्रष्टाचार करने में व्यस्त हैं। इधर पन्ना जिले के नेता 2023 की विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा एवं कांग्रेस पर कटाक्ष करने पर बिजी हैं प्रशासन के पंचायत विभाग के अधिकारी कर्मचारी शासन की योजनाओं पर स्वतंत्र रूप से भ्रष्टाचार कर रहे सत्ताधारी राजनेताओं का तो अंकुश ही नहीं रहा।

मामला जनपद पंचायत पन्ना के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बख्तरी का है जहां पर पेयजल स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर नजर रखने वाला कोई नहीं नवनियुक्त महिला सरपंच पन्ना में निवास करती है सरपंच पति गांव की सरपंच करते हैं ग्राम पंचायत बखतरी की बगल की पंचायत रनवाहा में सचिव पद पर पदस्थ है बख्तरी ग्राम पंचायत कार्यालय हमेशा बंद रहता है। पंचायत के भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई भी आवाज उठाता है उसे झूठे मुकदमे मै फसाने की धमकी दी जाती है। ग्राम पंचायत में पूर्व पंचवर्षीय वरिष्ठ समाज सेवक के पी सिंह बुंदेला द्वारा मुख्यमंत्री भू आवंटन योजना, किसान फसल सुरक्षा दीवार जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं योजनाओं में भ्रष्टाचार को लेकर आम जनता द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय में तालाबंदी की गई थी। आनन-फानन में पंचायत प्रशासन द्वारा तत्कालीन सचिव गणेश प्रसाद कुशवाहा का स्थानांतरण कर दिया गया था उनके स्थान पर नवीन सचिव रामकुमार उपाध्याय का ग्राम पंचायत बख्तरी में पदस्थापना की गई श्री उपाध्याय का 1 वर्ष पूर्ण भी नहीं हुए थे उनका भी खजलहा तालाब गहरीकरण मैं लाखों के भ्रष्टाचार बदौलत स्थानांतरण करा दिया गया जिसमें क्षेत्रीय सब इंजीनियर का भ्रष्टाचार करने में महती भूमिका रही है जिस पर नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। सरपंच ने अपनी मनपसंद का सचिव धन सिंह यादव भ्रष्टाचार मैं हाथ बटाने हेतु पदस्थापना की गई। जिला पंचायत पन्ना में बड़ी राशि लेकर भ्रष्टाचार करने वास्ते पदस्थापना किया जाता है। शासन द्वारा नवीन बजट पर पेयजल समस्या को निदान करने वास्ते ढाई लाख की लगभग पंचायत को राशि आवंटित की गई जिसके तहत जनता हैंडपंपों में पानी निकासी वास्ते सूखता निर्माण कराए जा रहे हैं जो गुणवत्ता युक्त नहीं है, ग्राम में 6 माह से नल जल योजना बंद पड़ी है जिसे सुधार नहीं जा रहा जनता की मनसा अनुरूप कार्य हो रहे हैं। गांव की नालिया बंद पड़ी है बच्चों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा क्योंकि प्राथमिक शाला का हैंड पंप मोटर बिगडा पड़ा है। प्रशासन को कलेक्टर के माध्यम से अवगत कराया जाता रहा है भ्रष्टाचार की बदौलत कोई कार्यवाही सुनवाई नहीं होती अगर 15 दिवस में कोई कार्यवाही नहीं होती ग्राम पंचायत बख्तरी की जनता सहित सामाजिक कार्यकर्ता आंदोलन कर सड़कों पर उतरेंगे जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी।




## खाद्य वितरण केंद्र समस्या जानने किसानों के बीच पहुंचे बॉबी राजा गठेवरा







**छतरपुर।** पन्ना रोड के वेयरहाउस में खाद ले रहे किसानों के बीच में पहुंचे भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष बॉबी राजा, किसानों के बीच पहुंचकर खाद को लेकर बात की उन्होंने किसानों के साथ होने वाली समस्याओं को सुना एवं वितरण केंद्र की व्यवस्थाओं को देखा,मौजूद अधिकारियों से बात की किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। इस दौरान उन्होंने किसानों से कहा कि यदि उनको किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो वह उनके लिए हमेशा तत्पर हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी के द्वारा किसानों के हित में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसको लेकर भी उन्होंने किसानों से बात की उन्होंने कहा भाजपा सरकार के द्वारा लगातार किसानों के लिए कार्य किए जा रहे हैं ।

## मां तुझे सलाम योजना के तहत देश भ्रमण कर लौटी छात्राओं का प्रभारी तहसीलदार ने किया पुस्प गुच्छ से स्वागत

**पुष्पांजलि टुडे से सतेंद्र प्रजापति**

बच्चो में देशभक्ति और मानसिक विकास के उद्देश्य से शिवराज सरकार द्वारा 'मां तुझे सलाम' नाम से एक योजना चलाई जा रही है जिसका संचालन खेल एवम युवा कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है इस योजना के तहत पूरे प्रदेश के प्रत्येक विकाश खंड से 5 छात्राओं का चयन किया जाता है जिसमे शैक्षणिक स्तर, एन सी सी, एनएसएस,या राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले वा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 15 से 25 वर्ष के प्रतिभाशाली बच्चो को देश के महत्वपूर्ण स्थल जैसे बाघा बार्डर,जलियांवाला बाग,जैसे अन्य देशभक्ति से ओतप्रोत स्थानों का भ्रमण कराया जाता है जिससे बच्चो में देश के प्रति प्रेम और स्वतंत्रता के प्रति आदर का भाव पैदा हो। इसी तारतम्य में देवेंद्र नगर से मेधावी वर्ग चुनी गई बच्ची मोनिका शुक्ला पुत्री रमेश शुक्ला सहित पूरे प्रदेश की 180 छात्राओं को 5 दिन के भ्रमण का मौका मिला था मोनिका शुक्ला के देवेंद्र नगर अपने घर वापसी पर ,प्रभारी तहसीलदार ममता मिश्रा द्वारा आपके कार्यालय में पुस्पगुछ से स्वागत किया गया वही जलियांवाला बाग से लाई मिट्टी से बच्ची द्वारा तहसीलदार मैडम का गौरव तिलक किया गया। मोनिका शुक्ला ने अपने अनुभव साझा करते हुए मीडिया को बताया की यात्रा के बाद से उनका देश के प्रति झुकाव और देशभक्तों के प्रति दिल आस्था से भर गया है,उन्होंने है बच्चे को ऐसे स्थलो के भ्रमण की सलाह दी है। नगर का गौरव बढ़ाने वाली बेटी के अनुभव सुनकर नगर वासी काफी खुश नजर आए और उन्होंने बच्ची के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## बीएलओ के पास उपलब्ध सूची के अवलोकन में विसंगति पर सुधार के लिए आवेदन प्रस्तुत करें

**पुष्पांजलि टुडे से जिला ब्यूरो चीफ हरचरण प्रजापति**

पन्ना- भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 9 नवबंर को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया गया है। प्रकाशन उपरांत मतदाता सूची मतदान केन्द्रों के बीएलओं के पास उपलब्ध रहेगी। सभी मतदाताओं से आग्रह है कि वे बीएलओ के पास उपलब्ध मतदाता सूची का अवलोकन करें एवं मतदाताओं के नाम, लिंग, आयु एवं फोटो में कोई विसंगति है तो उसके सुधार हेतु बीएलओ से प्रारूप-8 प्राप्त कर उसमें सुधार हेतु अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत करें। दिनांक 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर 2023 के मान से प्ररूप-6 में आवेदन प्रस्तुत कर निर्वाचक नामावली में पंजीकृत हो सकेंगे। इस संबंध मे अपना आवेदन पत्र भरकर संपूर्ण जानकारी सहित बीएलओ को प्रस्तुत कर सकेंगे। एनव्हीएसपी डॉट इन पर लॉग इन कर या वोटर हेल्पलाइन ऐप (वीएचए) के माध्यम से भी आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। आगामी 8 दिसबंर तक दावे आपत्ति प्राप्त किये जाएगें। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष कैम्प की तिथि में भी नाम जोड़े एवं काटे जाने के आवेदन पत्र, आपत्तियां प्राप्त की जावेंगी। प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण 26 दिसबंर 2022 तक किया जाएगा।

## पन्ना जिले सहित अन्य जिला के व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से हीरा उत्खनन



**पुष्पांजलि टुडे से जिला ब्यूरो चीफ हरचरण प्रजापति**

पन्ना-मप्र कर्मचारी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं संगठन के वरिष्ठ उप प्रांताध्यक्ष श्री एस.पी.राय द्वारा बताया गया कि वन परिक्षेत्र विश्रामगंज की बीट आरामगंज एवं विश्रामगंज अन्तर्गत रुंझ डेम के डूब क्षेत्र एवं डूब क्षेत्र से लगे वन क्षेत्र में पन्ना जिले सहित अन्य जिला के व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से हीरा खुदाई हेतु उत्खनन का कार्य किया जा रहा है।ऐसी स्थिति में वन एवं वन्य प्राणियों को भी क्षति पहुंच रही है एवं जो व्यक्ति रात्रि में वहां विश्राम करते है उनको भी वन्य प्राणियों से जान जोखिम का खतरा बना रहता है ।उत्तर वनमण्डल पन्ना के निर्देशन में आज दिनाँक 10/11/2022 को रुंझ नदी से उत्खनन को रोकने एवं उत्खनन कर्ताओं को हटाने के सम्बंध में वन परिक्षेत्राधिकारी विश्रामगंज श्री मनोज सिंह बघेल के तत्वाधान में आरामगंज ग्राम में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में उपस्थिति सभी सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा उत्खनन कार्य को रोकने एवं उत्खनन कर्ताओ को वहां से हटाने हेतु सहमति दर्ज कर संकल्प लिया गया कि हम सभी मिलकर उत्खनन कार्य को रोकने में पूर्ण रूप से सहभागिता निभाएंगे।बैठक में मुख्य रूप से वन परिक्षेत्राधिकारी विश्राम गंज श्री मनोज सिंह बघेल,हनुमत प्रताप सिंह सदस्य वन्य प्राणी बोर्ड,श्री दिनेश भुर्जी सदस्य जिला पंचायत पन्ना,अनंत सिंह यादव जनपद सदस्य,छन्नू आदिवासी सदस्य जनपद पंचायत अजयगड़,योगेंद्र धूरिया सरपंच ग्राम पंचायत सिंह पुर ,वृन्दावन पटेल जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ,समिति अध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




## खनिज मंत्री श्री सिंह ने चिरायु अस्पताल में मरीजों का हाल जाना

**पुष्पांजलि टुडे से जिला ब्यूरो चीफ हरचरण प्रजापति**

पन्ना- खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने भोपाल में चिरायु अस्पताल पहुँच कर वहाँ भर्ती अजयगढ़ के मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की। मंत्री श्री सिंह ने मरीजों और उनके परिजन से बात-चीत कर उनको आश्वस्त किया कि सभी के लिए समुचित इलाज की व्यवस्था की जायेगी। अजयगढ़ में 5 व 6 नवम्बर को चिरायु मेडिकल कॉलेज द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में चिन्हित मरीजों का चिरायु अस्पताल में निःशुल्क उपचार किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों के साथ आये परिजन के निःशुल्क आवागमन, भोजन और ठहरने की व्यवस्था की है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के संस्थापक श्री अजय गोयनका, मेडिकल सुपरिटेंडेंट श्री आशुतोष मंगलगिरी, विशेषज्ञ और चिकित्सक उपस्थित थे।



## शासकीय सेवकों को बिना देरी होगा भुगतान

**पुष्पांजलि टुडे से जिला ब्यूरो चीफ हरचरण प्रजापति**

पन्ना- कोष एवं लेखा द्वारा वर्तमान में संचालित आई.एफ.एम.आई.एस. सॉफ्टवेयर में दो नवीन सुविधा विकसित की गई है। जिसके तहत आधार आधारित भुगतान प्रणाली एवं कर्मचारियों के पदों की मैपिंग संबंधी नवीन सुविधा विकसित की गई है। आधार आधारित भुगतान प्रणाली द्वारा आई.एफ.एम.आई.एस. सॉफ्टवेयर के सर्वर से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सर्वर द्वारा आधार से सीधे बिना मानवीन हस्तक्षेप के शासकीय सेवक-वेंडर के खाते में राशि का भुगतान हो सकेगा। वहीं दूसरी ओर सॉफ्टवेयर में लोकल ऑफिस मेपिंग का कार्य भी किया जा रहा है, जिसमें आहरण एवं संवितरण अधिकारी कार्यालय के अधीन कार्य कर रहे कार्यालयों की एंट्री की जा रही है।

## नेशनल लोक अदालत 12 नवम्बर को

**पुष्पांजलि टुडे से जिला ब्यूरो चीफ हरचरण प्रजापति**

पन्ना- चिन्हित प्री-लिटिगेशन एवं न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण आगामी 12 नवंबर को होने वाली नेशनल लोक अदालत में कराकर संबंधित वादी अप्रिय कानूनी कार्रवाई से बच सकते हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि नेशनल लोक अदालतों में आकर समझौता योग्य प्रकणों का निराकरण कराएँ। शनिवार 12 नवबंर को राज्य एवं जिला स्तर पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालतों में विद्युत वितरण कम्पनी, नगरीय विकास एवं आवास, उपभोक्ता संरक्षण के साथ ही बैंकिंग, बीमा, रेलवे और डाक सेवा जैसे विभागों से संबंधित मामलों का निपटारा आपसी समन्वय एवं समझौते से किया जायेगा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 एवं 135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में लोक अदालत में समझौता शर्तो का मसौदा जारी कर दिया गया है। कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। बिजली कंपनी ने निर्णय लिया है कि प्री-लिटिगेशन से निराकरण के लिये निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जाएगी। कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात 6माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। लोक अदालत में छूट नियम एवं शर्तो के तहत दी जाएगी। नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी-अनाधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। विद्युत चोरी-अनाधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालतों में छूट प्राप्त किये उपभोक्ता-उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे। सामान्य बिजली बिलों में जुड़ी बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जाएगी। यह छूट मात्र नेशनल लोक अदालत 12 नवम्बर 2022 को समझौते करने के लिये ही लागू रहेगी। मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 130, 131 और 132 में निहित शक्तियों को उपयोग में लाते हुए राज्य शासन सम्पत्ति कर अधिभार में कुछ शर्तो के साथ छूट प्रदान करेगी। इसमें बकाया राशि में 50 प्रतिशत तक की छूट मात्र एक बार (वन टाइम सेटलमेंट) ही दी जायेगी। छूट उपरांत राशि अधिकतम दो किश्तों में जमा कराई जा सकेगी, जिसमें कम से कम 50 प्रतिशत राशि लोक अदालत के दिन जमा करवाना अनिवार्य होगी। बैंकिंग, बीमा, रेलवे और डाक सेवा जैसे विभागों से संबंधित प्रमुख उत्तरदाताओं से नेशनल लोक अदालत में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की गई है। इसके लिये अलग से एक पोर्टल भी बनाया गया है।

## बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए किया जागरूक

**पुष्पांजलि टुडे से जिला ब्यूरो चीफ हरचरण प्रजापति**

पन्ना- पन्ना विकासखण्ड के ग्राम जरधोवा में गत दिवस बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए नल जल योजना को रेखांकित करते हुए आमजन को जागरूक किया। इस दौरान ग्राम पेयजल तदर्थ समिति द्वारा ग्राम में जन संवाद कर जल जागरूकता के लिए रैली भी निकाली गई। साथ ही हस्ताक्षर कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।



# पुलिस की नाक के नीचे खुलेआम चल रहा है सट्टा






**घाटीगांव/मोहना।** कभी चोरी.छिपे चलने वाला सट्टा बाजार आजकल कानून की ढीली पकड़ की वजह से खाईवाल के संरक्षण में खुलेआम संचालित हो रहा है। ओपनए क्लोज और रनिंग के नाम से चर्चित इस खेल में जिस प्रकार सब कुछ ओपन हो रहा है उससे यही प्रतीत होता है कि प्रमुख खाईवाल को कानून का कोई खौफ नहीं रह गया है। मोहना थाना क्षेत्र में इस खेल के बढ़ते कारोबार का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि महिलाएं एवं बच्चे भी दिन.रात अंकों के जाल में उलझे रहते हैं। प्रमुख खाईवाल के एजेंट जो पट्?टी काटते हैं प्रायरू हर गली.मोहल्ले में आसानी से पट्टी काटते नजर आते हैं। इनमें से कुछ आदतन किस्म के लोग बस स्टैंडए जीप स्टेण्ड, मंदिर के पास, ऐरीकेशन कॉलोनी के पास तो पूरा का पूरा अड्डा बना हुआ साथ ही 15 वार्ड क्षेत्रों में खुलेआम पट्टी काटकर एवं मोबाइल के माध्यम से भी इस अवैध कारोबार को संचालित कर लोगों की गाढ़ी कमाई पर डाका डाल रहे हैं जिसकी जानकारी शायद पुलिस को छोड़कर सभी को है। सट्टे के हिसाब.किताब की जगह कई बार बदल कर प्रमुख खाईवाल अपनी होशियारी का भी परिचय देने की कोशिश करते हैं। कुछ लोग ष्अचूकए और अन्य नामों से साप्ताहिक व मासिक सट्टड्ढा चार्ट की भी बिक्री कर रहे हैं जिसकी मांग सट्टड्ढ प्रेमियों में ज्यादा है।गरीब बेरोजगार युवाओं को मोटे कमीशन का लालच देकर इस अवैध कारोबार में उतारा जा रहा है। आगे चलकर यही युवा अपराध की ओर अग्रसर हो जाते हैं। शिकायत होने पर जब पुलिस अभियान चलाती है तो खाईवाल को बक्श कर अक्सर इन्हीं युवाओं के खिलाफ कार्रवाई कर खानापूर्ति कर लेती है।

**कानून का कोई भय नहीं**–हाल ही में हमारे पत्रकार ने इस खबर को प्रमुखता से उठाया तो मोहना थाना क्षेत्र में सक्रिय खाईवाल इस कदर बेचैन हो गया और उसने कानून व्यवस्था को चुनौती दे डाली। उसने संवाददाता से यहां तक कहा कि उसे इन खबरों से कोई फर्क नहीं पड़ता और अपनी तस्वीर तक प्रकाशित करने के लिए कह डाला। खाईवाल की दिलेरी यह दर्शाती है कि उसे कानून का कोई डर भय नहीं रह गया है।

**पुलिस की भूमिका पर खड़े हो रहे सवाल**–सट्टा के अवैध कारोबार ने कई घरों को तबाह कर दिया है। सब कुछ जानते हुए भी पुलिस जिस प्रकार आंख बंद किए बैठी है उससे पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### इनका कहना है

यदि इस प्रकार की कोई गतिविधि चल रही है तो उस पर षख्त से षख्त कार्यवाही की जाएगी और जो सूचनाऐं मिल रही है उसकी तसदीक कराई जाएगी और किसी भी प्रकार की अवैधानिक चीजें जिसमें जुआ और सट्टा सम्मिलित है उस पर विधिवत कार्यवाही की जाएगी।

**हिना खांन एसडीओपी घाटीगांव**



# झारखंड की बेटी समीक्षा भारद्वाज ने जीता मिस इंडिया ग्लैमर 2022 का खिताब

**पुष्पांजली टुडे –आनन्द शाही**

**राँची–** झारखंड के राँची जिले की



समीक्षा भारद्वाज ने मिस इंडिया ग्लैमर 2022 का खिताब जीतकर पूरे प्रदेश का नाम रौशन किया है । समीक्षा झारखंड की पहली बेटी हैं, जिसने ये नामी खिताब अपने नाम किया है । वही इस बड़ी उपलब्धि पर झारखंड स्टूडेंट यूनियन के सीनियर इंचार्ज सैय्यद अकबर व प्रेसिडेंट सह राँची के चर्चित समाजसेवी अजहर आलम ने उन्हें बधाई दी है । उन्होने प्रेस बयान जारी कर कहा कि मिस इंडिया ग्लैमर 2022 का खिताब अपने नाम करने वाली समीक्षा भारद्वाज ने अपने परिवार के साथ प्रदेश का नाम भी गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है क्योकि वो मेरे साथ झारखंड स्टूडेंट यूनियन में

## जेएसयू के सीनियर इंचार्ज सैय्यद अकबर व प्रेसिडेंट अजहर आलम ने दी बधाई

ज्वाइंट सेकेट्री के तौर पर कार्य कर रही है । युवाओं को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए कि कैसे एक छोटे से शहर में पैदा होने वाली ल?की सफलता की नई ऊंचाइयों को छू सकती है। जबकि झारखंड स्टूडेंट यूनियन के मीडिया इंचार्ज ने यह बताया कि सीनियर इंचार्ज सैय्यद अकबर व प्रेसिडेंट सह चर्चित समाजसेवी अजहर आलम ने बुधवार रात्रि को मोबाइल द्वारा समीक्षा के परिजनों से भी बात की और जीत की शुभकामनाएँ प्रेषित की।




# शहीद भगत सिंह सेवा समिति मुरार ग्वालियर द्वारा सत्येंन्द्र लोहिया विकलांक तैराकी का किया गया सम्मान

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे ग्वालियर।** के सी शर्मा समिति सदस्य से प्राप्त जानकारी अनुसार श्री सत्येंन्द्र लोहिया का तैराकी में 12 के तापमान में इंग्लिश चैनल पार किया। राष्ट्रीय अंतर राष्ट्रीय स्तर की तैराकी में सफलता हासिल कर देश का नाम रोशन किया है। उन्हें भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने एवं महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार ने सम्मानित किया है। श्री लोहिया जी ग्वालियर संभाग के जिला भिंड तहसील मेहगाव के ग्राम गाता से है इनकी शिक्षा एस एल पी महाविध्दालय मुरार ग्वालियर में हुई। श्री लोहिया जी के स्वागत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन की पूर्व केविनेट मंत्री माया सिंह जी विशिष्ट अतिथि माननीय मुन्नालाल गोयल बीज निगम के अध्यक्ष श्री जयसिंह कुशवाह पूर्व साडा अध्यक्ष, श्री रामवरण सिंह गुर्जर पूर्व विधायक श्री अविनाश यादव श्री किशोर कान्याल आयुक्त नगर निगम ग्वालियर एवं नगर मुरार के गण मान्य नागरिक उपस्थित रहे।शहीद भगत सिंह सेवा समिति के श्री कमल सिकरवार श्री गुलाव सिह सेगर श्री कपिल दीक्षित श्री सुनहरी तौमर श्री शिव सिंह भदौरिया श्री राजेंन्द्र शर्मा श्री संतोष कुशवाह श्री अवधेश सिंह भदौरिया श्री धीरज सिंह तौमर श्री राजू धोलकर एड.श्री अवधेश सिंह तोमर श्री संजूसिंह परमार श्री किशन नरवरिया श्री राजेश चौहान श्री लाल कृष्ण प्रजापति श्रीअमित खंडेलवाल श्री नरेश शर्मा श्री सोमेश शर्मा श्री राकेश थनवर श्री हरवेन्द्र गुर्जर, अवधेश शर्मा, नीलेश शर्मा विशेष रूप से सामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन श्री गुलाव सिह सेगर ने किया।समिति की ओर से मान पत्र सृमति चिन्ह साल श्री फल श्री कपिल दीक्षित एवं मंचासीन अतिथियो ने संयुक्त रूप से देकर सम्मान किया।

# प्रतापपुरा (अकलोनी) में 248 नेत्र रोगियों को जांच हुई, मैं 53 मरीज ऑपरेशन हेतु चयनित

## डॉ. श्याम बिहारी शर्मा जी की स्मृति में नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित

**पुष्पांजली टुडे न्यूज**


**गोरमी।** डॉ. श्याम बिहारी शर्मा की स्मृति में ग्राम प्रतापपुरा (अकलोनी) में बाघ वाली माता मंदिर परिसर में प्रातः 10ः00 बजे से दोपहर 2ः00 बजे तक नेत्र शिविर का आयोजन रतन ज्योति चेरिटेबिल ट्रस्ट ग्वालियर के माध्यम से संपन्न हुआ। जिसमें 248 रोगियों के नेत्रों का परीक्षण किया गया तथा 53 रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया। जिनका निशुल्क आपरेशन ग्वालियर में कराया जायेगा। शिविर में इस मौके पर पूर्व सरपंच श्री कृष्ण पाल सिंह एवं डॉ. कोक सिंह भदोरिया तथा ग्राम सरपंच मेघ सिंह नरवरिया मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर कृष्णपाल सिंह ने कहा आंखें हमारे लिए अनमोल है इसके बिना हम सुंदर दुनिया की कल्पना नहीं कर सकते इनकी देखभाल करना बहुत जरूरी है। इसी क्रम में डा. कोक सिंह एवं श्री मेघ सिंह जी ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर



पर श्रीमती विद्यावती शर्मा, राधारमण पाराशर, हरी प्रकाश शर्मा, विजय प्रकाश शर्मा, शिवसुंदर शर्मा, सुनील पाराशर, आदि उपस्थित रहे।

# बगैर चरण पादुका के मुख्य बाजार से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता

# सिरोंज जिला बनाओ को लेकर दिया ज्ञापन



**रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज।** सिरोंज जिला बनाओ की मांग को लेकर जहां युवा एकमत हुए हैं वहीं सामाजिक संगठन और राजनीतिक संगठनों के द्वारा भी इस विषय पर जोर दिया जा रहा है जिसमें बुधवार को परशुराम सेना युवा वाहिनी के द्वारा आवेदन दिया गया था तो वही गुरुवार को इसी मांग को लेकर आम आदमी पार्टी के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन दिया गया इस दौरान आम आदमी पार्टी से वरिष्ठ समाजसेवी राहुल त्यागी, रजत सक्सेना, वाजिद खान,सुधीर शर्मा, राकेश कुशवाह, रवि ओझा,बृजेश धाकड़, श्याम अहिरवार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**नारों के साथ नगर के मुख्य मार्गो से निकाली रैली**–आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भारी संख्या में देशभक्ति के गानों के साथ और सिरोंज जिला बनाओ नारों के साथ हाथों में तख्ती लेकर सिरोंज के लोगों को जागरूक करते हुए कतार बद्ध रूप में कार्यकर्ताओं के द्वारा नगर के प्रमुख मार्गो से रैली निकाली गई जिसमें तहसील कार्यालय पहुंचकर




अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें बताया कि पूर्व में सिरोंज जिला रहा है एवं हमारी विधानसभा 147 में दो तहसील लटेरी, सिरोंज है जिसमें सिरोंज लटेरी विधानसभा के लोगों को विदिशा जाने के लिए 85 से 130 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है और क्षेत्रफल एवं नजदीक तहसीलों को देखते हुए सबसे पहली प्राथमिकता सिरोंज को ही जिला बनाने में मिलनी चाहिए जिस प्रकार पूर्व में 2014 के समय सिरोंज जिला बनते बनते रह गया और हमारी जनता के साथ अन्याय हुआ लेकिन अब आम आदमी पार्टी हमारे सिरोंज लटेरी की जनता के साथ ऐसा अन्याय नहीं होने देगी साथ ही मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल महोदय के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि अगर आज से 7 दिन तक हमारी सुनवाई नहीं होती है तो आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता तात्या टोपे बस स्टैंड पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल बैठेगी।

# रुपावास में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन

**पुष्पांजलि टुडे।पाली राजस्थान**
**नरेश कुमार सिरवी**

**पाली राजस्थान।** रुपावास में श्रीमद् भागवत कथा एवं नानी बाई मायरा कथा का पाँचवे। दिन श्री करणी माता मंदिर के पास पुरानी स्कूल परिषद् मे श्री द्वारकाधीश गौशाला सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा एवं नानी बाई मायरो कथा का आज पांचवी दिन का आयोजनकर्ता प्रवचन करते हुए संत श्री राधा स्वरूपा सुमन तिवारी जसवंतगढ ओर पाली रामद्वारा खेड़ा संत श्री सुजन दास जी महाराज ने कहा कि भगवान श्री वामन का जन्म व श्री राम जन्म की कथा और श्री कृष्ण जन्म की कथा जिसमें भगवान वामन भक्तों से बलीराजा से दान में तीन पग जमीन दान में मांगी। श्री कथावाचक राधा स्वरूपा सुमन जी तिवारी ने अपने गाने के साथ भगवान आए तेरे द्वार भक्त भरदे झोली रे कई तरह के भजनों से आनंदित किया। भजनों के साथ नानी बाई मायरा में भगवान कृष्ण की लीला जन्म उत्सव वह यशोदा मैया से माखन चोरी मैया से छप्पन भोग और भगवान श्री कृष्ण का स्वरूप धारण कर अपने मुख से ब्रह्मांड को दिखाया। इस मौके पर समाजसेवी हरि भाई पटेल,सरपंच सुरेश बंजारा, पुखराज मालवी,नारायण सुथार, हार्दिक पटेल,बाबू दास वैष्णव,दीपक शर्मा, बुधाराम,भीमाराम नरसिंह राम,नेमाराम राठौड़,धनराज भाटी, श्रीदेवी पटेल कविता पटेल सहित कई ग्राम वासी मौजूद रहे।




# रजत गौड़ बने भारत जोड़ो यात्रा के जिला सह समन्वयक

**रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह**



**सिरोंज।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं युवाओं की चहेते रजत गौड़ को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित भारत जोड़ो यात्रा का जिला सह समन्वयक नियुक्त किया गया यह यात्रा मध्यप्रदेश में 13 दिवस की अवधीकाल मे मध्यप्रदेश से गुजरेगी, जो कि 20 नवंबर के आसपास मध्यप्रदेश मे प्रवेश करेगी , वहीं जिला सह समन्वयक बनाए जाने पर साथियों के द्वारा उन्हें बधाई दी गई एवं उनके द्वारा वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया।

# रैपिड एक्शन फोर्स का परिचय अभ्यास: नगर में निकाला फ्लैग मार्च

**रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह**




**सिरोंज।** आज नगर में रैपिड एक्शन फोर्स के 60 सदस्यीय दल ने फ्लैग मार्च किया जो नगर के मुख्य बाजार सहित मुख्य मार्गो से होता हुआ गुजरा, रेपिड एक्सन फोर्स के इस परिचय अभ्यास के आयोजन की जानकारी देते हुए सहा. कमाण्डेन्ट श्री प्रमांशु प्रभाकरन ने बताया कि परिचय अभ्यास के दौरान इलाके की जन संख्या साक्षर निरक्षर लोगो की संख्या, सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील इलाको तथा बलवाइयों की सूची तैयार की जायगी ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कोई घटना या सांप्रदायिक तनाव एवं दंगा की स्थिति निर्मित होने पर किस रास्ते से तथा किस ढंग से दंगो पर नियंत्रण किया जाये, जैसी सभी बातो का गहन एंव सूक्ष्म अध्ययन किया जा सके, दल के सदस्यों द्वारा राजनैतिक दलों समाजसेवी एंव स्वयं सेवी संगठनों की भी जानकारी प्राप्त की जायेगी एवम् सी / 107 बटालियन द्वारा सभी क्षेत्र तथा रास्तो का मान चित्र भी तैयार किया जायेगा जिस से अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर इस पर 1 नियंत्रण के लिए नियत स्थल पर तत्काल पहुचने में सुविधा हो। फ्लैग मार्च में सहायक कमांडेंट प्रभांशु प्रभाकर, निरीक्षक जीडी राजेश कुमार गोदरा, परशुराम दोहरे, उपनिरीक्षक जीडी प्रेमचंद, हवलदार शत्रुघ्न पांडे, राजवीर सिंह कुशवाह, जवान एसपी सिंह, नितेश कोवे एवं जसविंदर सिंह शामिल थे।

# नवदुर्गा योगमाया उज्जैन ट्रस्ट कार्तिक पुर्णिमा अर्द्धवार्षिक सम्मेलन का हुआ आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे/ नारायणलाल सेंणचा**

**उज्जैन।** अखिल भारतीय सिर्वी क्षत्रिय समाज उज्जैन ट्रस्ट का दिनांक 8ः11 2022 मंगलवार कार्तिक पूर्णिमा अर्धवार्षिक सम्मेलन जोगमाया नवदुर्गा मंदिर में मिटींग का आयोजन हुआ।इस कार्यक्रम में भारत के सभी प्रांतों से समाज बन्धुओ ने अपना कीमती समय निकालकर कार्यक्रम में भाग लिया ।इस कार्यक्रम में समाज बंधुओ के आगमन से मंदिर की हर तरफ शोभा बड़ी और कमरा निर्माण लाभार्थियों का बहुमान किया गया । कार्यक्रम के तहत अनेक सामाजिक बंधुओं ने हंसमुख होकर काफी अच्छी अनेक भोजशाला के लिए घोषणाएं की गई। जिसमें करीब 9 नव.लाख रुपए की घोषणा की गई। संस्था के अध्यक्ष रामलाल सेंणचा ने बाहर से पधारे मेहमानों को शुभकामनाएं दी ।ओर सेंणचा ने बताया की आपने अपनी लक्ष्मी का दान करके कार्तिक पूर्णिमा को उज्जैन के इतिहास में एक ऐसा यादगार पल बना दिया जिसमें उज्जैन ट्रस्ट सदैव आभारी रहेगा सा वाकई में सभी ने दिल खुश होकर कुछ लोगों ने नगदी दान देकर पुण्य लाभ कमाया और कुछ लोगों ने घोषणा करते ही तुरंत ऑनलाइन अपने उज्जैन ट्रस्ट के खाते में पैसा डालना चालू कर दिया और कुछ बंधुओं ने कहा आप तुरंत आइए हमसे यह राशि नगदी ले जाइए इस ऐतिहासिक क्षण के लिए ट्रस्ट पुनः आभार व्यक्त करता है।इस अवसर पर उज्जैन ट्रस्ट के उपाध्यक्ष नेमाराम बर्फा पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र गहलोत, पूर्व अध्यक्ष शंकरलाल परिहार सह- कोषाध्यक्ष वर्दीचंद ,बेगलुरू से कर्नाटिक महासभा के अध्यक्ष विरमराम सोलंकी ,इंन्द्रलाल सोलंकी ,चैन्नई से नारायणलाल सीरवी ,डवराराम सीरवी, मुम्बई पनवेल से धनराज चौधरी ,किशोर सीरवी ,टिकमराम सीरवी एंव राजस्थान से बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित थे ।

## सम्पादकीय

### चेतने का समय

जिस वक्त मिस्र के शर्म अल-शेख में दुनिया भर के करीब 100 देशों के शासनाध्यक्ष जलवायु परिवर्तन पर माथापच्ची में जुटे हैं, ठीक उसी वक्त देहरादून स्थित 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग' (आईआईआरएस) के वैज्ञानिकों का खुलासा चिंतित करने वाला है। आईआईआरएस के वैज्ञानिकों ने जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल और उत्तराखंड के सैटेलाइट डाटा के विश्लेषण के आधार पर आगाह किया है कि देश के उत्तर-पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र के तापमान में बड़ोतरी के कारण हिमालय पर बर्फ तेजी से पिघल रही है, जिससे अगले कुछ वर्षों में तो गंगा और यमुना जैसी इससे जुड़ी नदियों में भरपूर पानी रहेगा, लेकिन बाद के वर्षों में इनमें पानी घटना शुरू हो जाएगा, जो गंभीर जल संकट पैदा कर सकता है। वैज्ञनिकों का दावा है कि हिमालय में 'स्नो लाइन कवर' हर साल पांच से दस मीटर पीछे खिसक रहा है, यानी बर्फ की मात्रा में कमी आ रही है। इससे स्वाभाविक ही इसकी नदियों का जलस्तर प्रभावित होगा। देश, खासकर उत्तर भारत के जल-संसाधन में इन नदियों की क्या अहमियत है और ये कितनी विशाल आबादी की जीवनधारा हैं, यह बताने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। कुछ साल पहले तक तापमान में बड़ोतरी की बहस को बौद्धिक विलास कहकर इसका उपहास उड़ाने वाली जमातें भी अब हालात की गंभीरता स्वीकारने लगी हैं। यही नहीं, अब आम आदमी भी इसका असर साफ-साफ महसूस कर रहा है। नवंबर का दूसरा सप्ताह चल रहा है और राष्ट्रीय राजधानी में लोग पंखे चलाकर सो रहे हैं। गौर कीजिए, यह क्षेत्र सर्वाधिक वायु प्रदूषण वाले इलाकों में शुमार है। ऐसे में, हिमालय पर कम बर्फ गिरने और उनके तेजी से पिघलने को लेकर जो बातें कही गई हैं, उन पर गौर किया जाना चाहिए। दुखद यह है कि ऐसी रिपोर्टें लगातार आ रही हैं, मगर इस दिशा में जिस तत्परता से कदम उठाए जाने चाहिए, वह नहीं हो पा रहा। इसके विपरीत संवेदनशील इलाकों की पारिस्थितिकी के साथ खिलवाड़ वाली गतिविधियां जारी हैं। इसी वर्ष अप्रैल में 'जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया' के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों के विशेषज्ञों ने अपने अध्ययन में पाया था कि हिमालयी क्षेत्र के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। यह ठीक है कि ग्लेशियरों का पिघलना कुदरती प्रक्रिया है, उसमें मनुष्य का जोर नहीं, पर क्या पहाड़ों की पारिस्थितिकी बिगाड़ने में भी इंसानों का कोई दखल नहीं हैड़ बाड़, चक्रवाती तूफान और बादलों के फटने जैसी कुदरती आपदाओं में लगातार बड़ोतरी की वजह बिगड़ता पर्यावरण है, इसे कई वैज्ञानिक अध्ययनों ने पुष्ट किया है। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार देश इसकी कीमत चुका रहे गरीब देशों की पुकार सुनने को अब भी तैयार नहीं। मगर यह किसी एक क्षेत्र या देश का नहीं, पूरी मानवता का मसला है। कोविड-19 ने साफ कर दिया है कि कुदरती संकटों से अमीर मुल्क भी निरापद नहीं रहने वाले। इसलिए, आने वाली पीड़ियों की खातिर यदि प्राकृतिक संसाधनों को अक्षुण्ण रखना है, तो उसके लिए देशों को आपसी सामंजस्य बनाना ही होगा। आईआईआरएस के वैज्ञानिकों के खुलासे के बाद हम जैसे विशाल आबादी वाले देशों को अपने जल संसाधन के संदर्भ में दीर्घकालिक रणनीति बनाने की जरूरत है। हमारे शहर तो अभी ही गरमियों में प्यास से तरसने लगते हैं, ऐसे में जब नदियों में पानी ही न होगा, तब क्या सूरत होगी।

# बीस प्रभावी देशों की अध्यक्षता से भारत को बहुत फायदा

**भारत का वार्षिक प्रति व्यक्ति कार्बन फुटप्रिंट दो टन से कम है, जो चीन का करीब चौथाई व अमेरिका का आठवां हिस्सा है। यह देश अपनी उत्सर्जन तीव्रता को साल 2005 के स्तर के आधार पर देखे, तो 2030 तक 45 प्रतिशत तक कम करने को प्रतिबद्ध है। उसी वर्ष भारत अपनी लगभग 50 प्रतिशत विद्युत उत्पादन क्षमता अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में स्थापित कर लेगा। साथ ही, भारत को विकसित देशों के सामने विकासशील देशों के लिए मुकाबला जारी रखना चाहिए। भारत इस एजेंडे को जी20 में भी आगे बड़ा सकता है। जलवायु संबंधी न्याय और समानता को आदर्श बना लेना चाहिए। यहां तिरंगे के बीच स्थित चक्र के नीले रंग को याद कीजिए। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने तर्क दिया है कि जी20 को एक टिकाऊ नीली अर्थव्यवस्था को बड़ावा देना चाहिए। सागर, उसके संसाधन आर्थिक विकास के इंजन बन सकते हैं। जी20 के देशों के पास दुनिया के समुद्र तट का 45 प्रतिशत और इसके विशेष आर्थिक क्षेत्रों का 21 प्रतिशत हिस्सा है। इधर, भारत नीली अर्थव्यवस्था पर राष्ट्रीय नीति को अंतिम रूप दे रहा है। भारत को जी20 की अध्यक्षता तब हासिल हुई है, जब देश महामारी के चलते बड़ी चुनौतियों के बावजूद पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। भारतीयों के ज्ञान और उद्यमशीलता को सामने लाने के लिए प्रौद्योगिकी भी साथ-साथ कदमताल कर रही है। भारत न सिर्फ दुनिया के सबसे बड़े वास्तविक डिजिटल लोकतंत्र के रूप में उभरा है, बल्कि यह डिजिटल सार्वजनिक वस्तुओं के विकास को भी बड़ावा दे रहा है, और भारत की विशाल आबादी भी उनका उपयोग करके मूल्य बड़ा रही है। भारत में डिजिटल भुगतान 2026 तक 10 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है।**

क ऐतिहासिक मौका था, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की अध्यक्षता में आयोजित होने जा रहे ग्रुप ऑफ 20 (जी20) की बैठक के लोगो, थीम और वेबसाइट का अनावरण किया। जी20 के अध्यक्ष पद के लिए भारत की सोच वैश्विक मंच पर नेतृत्व की भूमिका निभाने के प्रधानमंत्री के मिशन के अनुरूप है। इससे देश में बदलाव, स्थिरता और अर्थव्यवस्था के उत्तरोत्तर विकास को बल मिलेगा। वसुधैव कुटुम्बकम (दुनिया एक परिवार है) के लोकाचार के दायरे में प्रधानमंत्री मोदी जी20 के लिए तैयारियों में जुटे हैं। हाल ही में प्रमुख भारतीय जलवायु पहल को माता भूमि॰पुत्रोहम् पृथिव्या के अनुरूप ढाला गया है। यह दर्शाता है कि पृथ्वी हमारी मां है और हम उसके बच्चे हैं। इसी तरह से नए-नए कदमों के नाम भी रखे जा रहे हैं, जैसे एक सूर्य, एक संसार, एक ग्रिड, जिसे भारत जी20 के अपने भागीदारों के साथ मिलकर तैयार करेगा। यह एकता और साझा भविष्य को दर्शाता है। लोगो में दर्शाया गया कमल साझा ज्ञान, समृद्धि और आशा का प्रतिनिधि है। यह विचार संवाद से आम सहमति बनाने की भारतीय परंपरा से उपजा है। लोगो पर भारतीय ध्वज का रंग भी एक निश्चित प्रतीकात्मक महत्व रखता है। केसरिया रंग परंपरागत रूप से ताकत और साहस से जुड़ा है। नए शुरू किए गए मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) का मकसद टिकाऊ और स्वस्थ जीवन शैली को बड़ावा देना है। इसके तहत जलवायु संकट से निपटने की कोशिशों का लोकतांत्रिकरण होगा। भारतीय तिरंगे



का हरा रंग भूमि की उर्वरता और इसकी समृद्ध जैव विविधता का प्रतीक है। यह उस गंभीरता को दर्शाता है, जिससे भारत ने अपनी हरित प्रतिबद्धताओं को पूरा किया है। भारत का वार्षिक प्रति व्यक्ति कार्बन फुटप्रिंट दो टन से कम है, जो चीन का करीब चौथाई व अमेरिका का आठवां हिस्सा है। यह देश अपनी उत्सर्जन तीव्रता को साल 2005 के स्तर के आधार पर देखे, तो 2030 तक 45 प्रतिशत तक कम करने को प्रतिबद्ध है। उसी वर्ष भारत अपनी लगभग 50 प्रतिशत विद्युत उत्पादन क्षमता अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में स्थापित कर लेगा। साथ ही, भारत को विकसित देशों के सामने विकासशील देशों के लिए मुकाबला जारी रखना चाहिए। भारत इस एजेंडे को जी20 में भी आगे बड़ा सकता है। जलवायु संबंधी न्याय और समानता को आदर्श बना लेना चाहिए। यहां तिरंगे के बीच स्थित चक्र के नीले रंग को याद कीजिए। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने तर्क दिया है कि जी20 को एक टिकाऊ नीली अर्थव्यवस्था को बड़ावा देना चाहिए। सागर, उसके संसाधन आर्थिक विकास के इंजन बन सकते हैं। जी20 के देशों के पास दुनिया के समुद्र तट का 45 प्रतिशत और इसके विशेष आर्थिक क्षेत्रों का 21 प्रतिशत हिस्सा है। इधर, भारत नीली अर्थव्यवस्था पर राष्ट्रीय नीति को अंतिम रूप दे रहा है। भारत को जी20 की अध्यक्षता तब हासिल हुई है, जब देश महामारी के चलते बड़ी चुनौतियों के बावजूद पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। भारतीयों के ज्ञान और उद्यमशीलता को सामने लाने के लिए प्रौद्योगिकी भी साथ-साथ कदमताल कर रही है। भारत न सिर्फ दुनिया के सबसे बड़े वास्तविक डिजिटल लोकतंत्र के रूप में उभरा है, बल्कि यह डिजिटल सार्वजनिक वस्तुओं के विकास को भी बड़ावा दे रहा है, और भारत की विशाल आबादी भी उनका उपयोग करके मूल्य बड़ा रही है। भारत में डिजिटल भुगतान 2026 तक 10 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। उम्मीद है, इसकी डिजिटल अर्थव्यवस्था 2030 तक 800 अरब डॉलर को पार कर जाएगी। वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था को बड़ावा देना जी20 का अहम मकसद रहा है। जी20 से भारत में तकनीकी विशेषज्ञता व नवाचारों के लिए निवेश बड़ेगा। राजनीतिक इच्छाशक्ति, तकनीकी सफलताओं और एक असामान्य आशावाद से प्रेरित साल 2023 भारत के लिए एक निर्णायक वर्ष होगा। प्रभावशाली राष्ट्रों के समूह का नेतृत्व करने के लिए इससे अधिक प्रभावी समय कभी और नहीं हो सकता।

# बिना बात का बतंगढ़, कांग्रेस को भारतीय सभ्यता और संस्कृति के प्रतीक भी स्वीकार्य नहीं

यदि कांग्रेस को यह लगता है कि जी-20 सम्मेलन के लोगो में कमल को दर्शाए जाने से भाजपा को राजनीतिक लाभ मिलेगा तो उसे स्पष्ट करना चाहिए कि ऐसा कैसे होगाड़ क्या जी-20 समूह के देशों की भारत में होने वाले चुनावों में कोई भूमिका रहने वाली है। कांग्रेस ने जी-20 सम्मेलन के लोगो में कमल को चित्रित करने पर आपत्ति जताकर बैठे-ठाले अपनी फजीहत ही कराई। ऐसा लगता है कि उसे मोदी सरकार के हर काम और निर्णय का विरोध करने की आदत पड़ गई है। ऐसा तभी होता है, जब कोई अंधविरोध से ग्रस्त हो जाता है। भारतीय संस्कृति में कमल के पुष्प की महत्ता किसी से छिपी नहीं। यह शुभ, सौंदर्य, समृद्धि का प्रतीक तो है ही, अनेक देवी-देवताओं से भी संबंधित है। इसका उपयोग विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक अनुष्ठानों में शताब्दियों से किया जाता रहा है। हमारे न जाने कितने प्राचीन भवनों और विशेष रूप से मंदिरों में कमल को उकेरा गया है। संभवत॰ इसी कारण 1857 में जन-जन तक स्वतंत्रता संग्राम का संदेश देने के लिए रोटी और कमल का वितरण किया जाता था। स्वतंत्रता के उपरांत भी विभिन्न संस्थाओं के प्रतीक चिह्नों, सरकारी आयोजनों के साथ डाक टिकटों में इसका उपयोग किया जाता रहा। आज भी कई सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं के लोगो में कमल को शोभायमान देखा जा सकता है। वस्तुत॰ इसी कारण उसे राष्ट्रीय पुष्प की तरह देखा जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस भारतीय संस्कृति में कमल की महत्ता से पूरी तरह अनजान है। यह एक विडंबना ही है कि भारत जोड़ो यात्रा पर निकली कांग्रेस भारतीय संस्कृति में कमल की महत्ता और उपयोगिता से अपरिचित दिख रही है। समझना कठिन है कि उसे कमल के रूप में केवल भाजपा का चुनाव चिह्न ही क्यों दिखाई दियाड़ इससे भी विचित्र यह रहा कि किन्हीं कारणों से वह इस नतीजे पर भी पहुंच गई लगती है कि जी-20 सम्मेलन के लोगो में चित्रित कमल ठीक वैसा ही है, जैसा भाजपा का चुनाव चिन्ह। यदि कांग्रेस को यह लगता है कि जी-20 सम्मेलन के लोगो में कमल को दर्शाए जाने से भाजपा को राजनीतिक लाभ मिलेगा तो उसे स्पष्ट करना चाहिए कि ऐसा कैसे होगाड़ क्या जी-20 समूह के देशों की भारत में होने वाले चुनावों में कोई भूमिका रहने वाली हैड़ कोई भी समझ सकता है कि कांग्रेस ने बिना बात का बतंगड़ बनाकर अपनी जग हंसाई करा ली। जाने-अनजाने उसने यह भी प्रतीति कराई कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति के जो भी प्रतीक हैं, वे उसे स्वीकार्य नहीं। यह तो वाम दलों वाला रवैया है। वास्तव में कमल पर आपत्ति खड़ी कर कांग्रेस ने एक बार फिर यह प्रकट किया कि वाम दलों की संगत में उसकी मानसिकता उनके जैसी ही होती जा रही है। क्या वह यह चाहती है कि कमल का अन्यत्र उपयोग इसलिए प्रतिबंधित कर दिया जाए, क्योंकि वह भाजपा का चुनाव चिह्न हैड़ यदि कांग्रेस देश की संस्कृति के प्रतीकों के प्रति सम्मानभाव नहीं प्रकट कर सकती तो कम से कम उसे उनका विरोध भी नहीं करना चाहिए। हालांकि यह कोई पहली बार नहीं है जब भारत ने रूस और यूक्रेन के बीच वार्ता की वकालत की हो। युद्ध शुरू होने के बाद से ही भारत इस बात पर जोर देता



आया है कि दोनों देशों को बातचीत करनी चाहिए और कूटनीतिक समाधान के जरिए मामला सुलझाना चाहिए। लेकिन विडंबना यह है कि जंग के मैदान में कोई किसी की सुनता दिख नहीं रहा। जहां रूस पूरी ताकत के साथ यूक्रेन को सबक सिखाने पर तुला है, वहीं अमेरिका और यूरोपीय देश यूक्रेन के साथ खड़े हैं और उसे हर तरह की मदद मुहैया करवा रहे हैं। इससे यूक्रेन का भी मनोबल बड़ा हुआ है। हालांकि बीच-बीच में ऐसे संकेत भी मिलते दिखे कि दोनों देशों के बीच बातचीत का रास्ता बन सकता है। लेकिन परमाणु हमलों के इस्तेमाल की रूस की धमकियों और पश्चिमी देशों की राजनीति से ऐसी उम्मीदों पर पानी फिरता रहा। दोनों देशों के बीच जंग चलते नौ महीने हो चुके हैं। इसलिए यह सवाल हर क्षण महत्त्वपूर्ण होता जा रहा है कि जंग को रुकवाया कैसे जाए। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मास्को में अपने समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ मुलाकात में एक बार फिर यही बात दोहराई कि यह वक्त युद्ध का नहीं है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन जंग रोकने की अपील करते हुए यही बात कही थी। इसमें तो कोई संदेह नहीं कि युद्ध की वजह से यूक्रेन तो तबाह हो ही चुका है, रूस की हालत भी खराब होती जा रही है। लेकिन इससे भी बड़ा संकट यह है कि इस युद्ध की वजह से दुनिया के कई देश आर्थिक संकट में फंस गए हैं। रूस यूरोप के ज्यादातर देशों को तेल और प्राकृतिक गैस देता है। इसके अलावा यूक्रेन और रूस दोनों ही गेहूं के बड़े निर्यातक हैं। इसलिए हर कोई अब इस कोशिश में है कि जंग को रुकवाया जाए। लेकिन रास्ता इतना आसान लग नहीं रहा। रूस के साथ भारत के रिश्ते दुनिया से छिपे नहीं हैं। दशकों से रूस भारत के हर मामले में संबंधों का निर्वाह करता आया है और भारत ने भी उसे वही मान-सम्मान दिया है। रूस-यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद अमेरिका ने रूस की आलोचना करने, उसके खिलाफ संयुक्त राष्ट्र में मतदान करने और उससे तेल नहीं खरीदने जैसी बातों को लेकर भारत पर दबाव बनाना शुरू कर दिया था। लेकिन भारत ने इस मुद्दे पर तटस्थता की नीति अपनाई। अभी भी मास्को में अपने समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ बातचीत के बाद विदेश मंत्री ने यही दोहराया कि अपने नागरिकों को किफायती दरों पर तेल मुहैया करवाना सरकार का मौलिक कर्तव्य है और इसके लिए भारत रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा। भारत का यह रुख अमेरिका के लिए किसी कड़े संदेश से कम नहीं है। भारत चाहता है कि किसी भी तरह से रूस और यूक्रेन बातचीत की मेज पर आएं और उन आशंकाओं को दूर करें जिनसे लग रहा है कि यह जंग कहीं तीसरे विश्वयुद्ध का रूप धारण न कर ले। इसीलिए उसने रूस को वार्ता का सुझाव दिया है। अब देखना यह है कि रूस का क्या रुख रहता है।

## राशिफल

**वृष राशि-** अपनी भावनाओं में वश में रखें, आत्म संयत रहें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। परिवार में शांति रहेगी, वाहन सुख में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**मिथुन राशि-** स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा। नौकरी व कार्यक्षेत्र में वस्तिार हो सकता है। स्थान परिवर्तन की भी संभावना बन रही है। अफसरों का सहयोग मिलेगा, कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी।

**कर्क राशि-** वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। घर-परिवार में धार्मिक संगीत के कार्य होंगे।

**सिंह राशि-** मानसिक शांति तो रहेगी, फिर भी क्रोध के अतिरेक से बचें। धर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे, परिवार में सुख-शांति रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं, इच्छाविरुद्ध कुछ नए कार्यों की जम्मिेदारी मिल सकती है।

**कन्या राशि-** मन में निराशा के भाव उत्पन्न हो सकते हैं। माता का सहयोग मिलेगा, नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा।

**तुला राशि-** आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, लेकिन आत्म संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें, माता से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक राशि-** मानसिक शांति तो रहेगी परंतु असंतोष भी रहेगा। परिवार में सुख शांति रहेगी, शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

**धनु राशि-** वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बड़ेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**मकर राशि-** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी, वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे, संतान को स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**कुंभ राशि-** आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। संतान सुख में वृद्धि होगी, क्रोध के अतिरेक से बचें। उच्च शक्षिा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**मीन राशि-** संपत्ति से आय में वृद्धि होगी, माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा।

# न रहे, ऊपर उठ रहा है हिमालय

मंगलवार की देर रात नेपाल, चीन और भारत में आए भूकंप के झटके अस्वाभाविक नहीं थे। इसका केंद्र नेपाल का मणिपुर था और भूगोल के हिसाब से इंडियन टेक्टोनिट प्लेट पूर्व से पश्चिम तक फैला है, जिसमें हमारा पूर्वोत्तर का इलाका, हिंदुकुश, अफगानिस्तान, पाकिस्तान के कुछ भाग आदि आते हैं। यहां इंडियन प्लेट अपने से कहीं भारी यूरेशियन प्लेट के भीतर समा रही है या टकरा रही है, जिससे न सिर्फ हिमालय ऊपर की ओर उठ रहा है, बल्कि यह पूरा इलाका ही भूकंप के लिहाज से काफी संवेदनशील बन जाता है। फिलहाल 6.3 परिमाप का भूकंप आया है, पर पूर्व में इससे भी अधिक 'मैग्निट्यूड' के कंपन यहां आ चुके हैं। नेपाल का 1934 का भूकंप इसका दर्दनाक उदाहरण है। हिमालय के आस-पास भूकंप का आना बेशक चौंकाने वाली बात न हो, लेकिन ऐसी प्राकृतिक परिघटना को गंभीरता से लेना चाहिए। चूंकि हिमालय का फैलाव काफी दूर तक है, इसलिए यहां हल्की सी भी उथल-पुथल हमें बड़ी चोट दे सकती है। इसकी प्रकृति को देखते हुए ही यहां आठ या इससे भी अधिक तीव्रता के भूकंप की आशंका जाहिर की जा चुकी है। अगर ऐसा होता है, तो नेपाल या सीमावर्ती इलाकों के अलावा दिल्ली या उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में भी तबाही मच सकती है। अगस्त 1988 में बिहार में आए भूकंप को हम अब तक कहां भूल सके हैं। मुश्किल यह है कि भूकंप का पूर्वानुमान संभव नहीं। चंद हल्की थरथराहटों से बड़े भूकंप की आशंका भी नहीं जाहिर की जा सकती। हां, कुछ तकनीकी और व्यावहारिक उपाय जरूर किए जा सकते हैं। मसलन, एक बेहतर चेतावनी सिस्टम तैयार करना। दरअसल, भूकंप में दो तरह की लहरें पैदा होती हैं- एक 'पी' और दूसरी 'एस'। दोनों में समयांतर होता है। 'पी वेब' अपनी प्रकृति के कारण नुकसान नहीं पहुंचाती, लेकिन 'एस' तुलनात्मक रूप से ज्यादा हानि करती है। जैसे ही दो टेक्टोनिक प्लेट्स आपस में टकराती हैं, तो पहले 'पी' लहर पैदा होती है। मान लीजिए, यदि भूकंप का केंद्र नेपाल है, तो 'पी वेब' को दिल्ली तक पहुंचने में कुछ सेकंड का वक्त लगेगा। इसके बाद ही 'एस वेब' पैदा होगी, जो



समान देरी से दिल्ली पहुंचेगी। अगर हमने 'पी वेब' को केंद्र पर ही नाप लिया और इसकी जानकारी तुरंत दिल्ली से साझा कर दी, तो 'एस वेब' की मारकता से बचने के लिए हमारे पास 30 से 50 सेकंड तक का वक्त होगा। इसमें मेट्रो, परमाणु केंद्र, आपात चिकित्सा जैसी अनिवार्य केंद्रों व सेवाओं के लिए बचाव-उपाय किए जा सकते हैं। मैक्सिको जैसे देश ऐसे निगरानी तंत्र से ही अपना बचाव करते हैं। वहां भूकंप से बचने के लिए एजेंसियों को एक से डेड़ मिनट का वक्त मिल जाता है। जाहिर है, एशिया में इस तरह का तंत्र बनाने के लिए हिमालय के आस-पास बसे सभी देशों को एक मंच पर आना होगा। इसके साथ-साथ स्थानीय स्तर पर भी कई उपाय किए जा सकते हैं, जो कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। जैसे, घर को भूकंपरोधी बनाना। सच भी यही है कि भूकंप इंसान की जान नहीं लेता, इमारतें लेती हैं। अगर हम इमारतों को तैयार करने में आधुनिक व उन्नत तकनीक का इस्तेमाल करते हैं, तो बड़ी तीव्रता के भूकंप भी हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकेंगे। मगर दिक्कत यह है कि अपने देश में 'बिल्डिंग कोड' होने के बावजूद शायद ही घर-निर्माण में इस पर ध्यान दिया जाता है। जाहिर है, कानून लागू करने वाली एजेंसियों की जिम्मेदारी तय करनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि नई इमारतें पूरी तरह से बिल्डिंग कोड का पालन करें। भूकंप के लिहाज से भारत में चार जोन- 2, 3, 4 और 5 तय किए गए हैं। इसमें जोन-5 काफी संवेदनशील है, तो जोन-2 अपेक्षाकृत कम। मकानों को तैयार करते वक्त इन पर भी गौर किया जाना चाहिए। शहरों के अनियोजित विस्तार ने भी हमारी चिंताएं बड़ाई हैं। दिल्ली में ही न जाने कितनी अवैध कॉलोनियां बस चुकी हैं। इनमें रहने वाली सघन आबादी निश्चय ही बारूद के ढेर पर है। चूंकि दिल्ली में 6.3 से भी अधिक तीव्रता का भूकंप आ चुका है और यह जोन-4 का हिस्सा है, इसलिए यह आशंका जताई जाती रही है कि बड़ा भूकंप यहां जान-माल का भारी नुकसान पहुंचा सकता है। सौभाग्य से, ऐसी नौबत अब तक नहीं आई है, लेकिन इस आशंका से पार पाने के उपायों पर हमारे नीति-नियंताओं को जरूर सोचना चाहिए। हम चाहें, तो 'रेट्रोफिटिंग' की तरफ ध्यान दे सकते हैं। अच्छी बात है कि साल 2005 में जो आपदा प्रबंधन अधिनियम बना, उसमें आपदा आने से पहले के बचाव-उपायों पर जोर दिया गया। इसमें जन-जागरूकता बड़ाने की बात भी कही गई, जबकि इससे पहले की नीतियों में आपदा के बाद के राहत-कार्यों पर जोर दिया जाता रहा था। भूकंप से होने वाले नुकसान को टालने के लिए 'प्री-डिजास्टर मैनेजमेंट' काफी जरूरी है। आइसलैंड जैसे देशों में तो छोटे-छोटे परिमाप वाले भूकंप भी माप लिए जाते हैं, जिस कारण वे कहीं अच्छी तैयारी कर लेते हैं। हम ऐसा तंत्र नहीं बना सकते, लेकिन बचाव के उपायों के प्रति गंभीरता दिखाकर अपना नुकसान काफी कम कर सकते हैं। यह समझना होगा कि भूकंप ऐसी प्राकृतिक आपदा है, जिसे कतई रोका नहीं जा सकता, इसलिए बचाव के उपाय ही विकल्प हैं। यहां यह भी जानना चाहिए कि एक बड़े भूकंप के बाद कुछ हल्के कंपन आते ही हैं। इसे 'ऑफ्टर-शॉक' कहते हैं। दरअसल, जमीन के अंदर जब कोई टुकड़ा टूटता है या अपना स्थान बदलता है, तो उसके 'सेटल' होने, यानी किसी नए स्थान पर जमने तक धरती कई बार हल्की-हल्की कांपती है। मगर आम धारणा यही है कि एक बड़ा भूकंप आने के कुछ समय बाद फिर से उसी तीव्रता का कंपन आ सकता है। वैज्ञानिक इस मान्यता को खारिज करते हैं। हां, अगर बड़े भूकंप से आपकी इमारत को थोड़ा-बहुत नुकसान भी पहुंचा हो, तो मुमकिन है कि आने वाले हल्के कंपन भी आपको बड़ी चोट पहुंचा जाएं। यही वजह है कि मंगलवार की देर रात के बाद अब फिर से तुरंत बड़े भूकंप आने की आशंका नहीं जाहिर की जा रही। हमें इस डर से ऊपर उठना होगा कि भारत में अभी बड़ी तीव्रता के भूकंप आ सकते हैं।



# खुद से शादी करने वाली दीया और बाती हम एक्ट्रेस अब बनने वाली हैं मां





दीया और बाती फेम ऐक्ट्रेस कनिष्का सोनी कुछ महीने पहले तब चर्चा में आईं जब उन्होंने खुद से शादी की। दरअसल, कनिष्का ने सिंदूर और मंगलसूत्र के साथ अपनी फोटो शेयर की थी और बताया था कि उन्होंने खुद से शादी कर ली है। एक्ट्रेस की इस बात को सुनकर फैंस भी हैरान हो गए थे। कई ने उनके इस फैसले को सपोर्ट किया तो वहीं ज्यादातर लोगों ने उन्हें ट्रोल किया था। बता दें कि इस वक्त कनिष्का ने खुद को देवी भी बताया था और कहा था कि उन्हें किसी मर्द की जरूरत नहीं। अब उनकी शादी को 2 महीने भी नहीं हुए कि हाल ही में एक्ट्रेस की कुछ फोटोज सामने आई जिसके बाद ये कयास लगाए जाने लगे कि शायद वह प्रेग्नेंट हैं। इस खबर के वायरल होने के बाद एक्ट्रेस का अब खुद रिएक्शन आ गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ फोटोज शेयर की और बताया कि क्या वह सच में प्रेग्नेंट हैं। कनिष्का ने अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं जिसमें वह किसी पार्क में नजर आई रही हैं। वहीं एक फोटो में वह पेड़ पर चढ़ी हुई दिख रही हैं। फोटोज शेयर कर कनिष्का ने लिखा, मैं सेल्फ मैरिड की तरह सेल्फ प्रेग्नेंट नहीं हूं। यह बस यूएसए का शानदार पिज्जा, बर्गर है जिसकी वजह से मेरा वजन बढ़ा है। लेकिन मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं। यहां एंजॉय कर रही हूं। कनिष्का ने अपना वीडियो शेयर किया था जिसमें वह रेड साड़ी, सिंदूर और मंगलसूत्र पहने नजर आई थीं। उन्होंने वीडियो शेयर कर लिखा था कि ये उनका पहला करवा चौथ है जो मैंने अपने लिए रखा है क्योंकि मैं लंबी उम्र जीना चाहती हूं। मैं आज के समय की द्रौपदी हूं और अपना ध्यान खुद रख सकती हूं। आप लोगों को नहीं पता कि इतने सालों से मैंने क्या सहा है। लेकिन अब जाकर मुझे हिम्मत मिली। मैंने कभी झूठ नहीं कहा है। मेरा भगवान पर हमेशा विश्वास रहा है। कनिष्का ने कुछ दिनों पहले साजिद खान पर आरोप लगाए थे। कनिष्का ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया था जिसमें उन्होंने बताया था कि साजिद खान ने उन्हें साल 2008 में अपने जुहु वाले घर में बुलाया था। कनिष्का ने कहा था कि जब उन्हें झिझक हुई तो साजिद ने उनसे कहा था कि घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि मैं अपनी मां के साथ रहता हूं। लेकिन जब वह उनके घर गईं तो उन्होंने उनसे अपना पेट दिखाने को कहा था। कनिष्का ने यह भी कहा था कि वह डर रही हैं कि अब क्योंकि उन्होंने इसा बारे में बताया है तो हो सकता है कि उनकी जान खतरे में हो क्योंकि उन्हें कोई सपोर्ट नहीं करेगा इसलिए वह भारत नहीं आना चाहती हैं।

# बिग बॉस 16 में आया बड़ा ट्विस्ट, बीच शो से अर्चना गौतम को निकाला बाहर



बिग बॉस 16 से हैरान कर देने वाली खबर सामने आ रही है। बता दें कि हाल ही में बिग बॉस कंटेस्टेंट अर्चना गौतम को बिग बॉस ने शो से बाहर कर दिया गया है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार अर्चना गौतम ने लड़ाई के दौरान शिव ठाकरे पर हाथ उठाया है। बताया जा रहा है कि अर्चना गौतम और शिव ठाकरे के बीच झगड़े के दौरान अर्चना गुस्से में अपना आपा खो बैठी थीं और वे हाथापाई पर उतर आईं। इतना ही नहीं अर्चना की हाथापाई के कारण शिव को चोट भी लगी है। इसी के चलते बिग बॉस ने अर्चना को शो से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। बता दें कि चोट लगने के बाद शिव ठाकरे ने बिग बॉस से नियमों के मुताबिक अर्चना गौतम को शो से बाहर करने की अपील की थी। इसके बाद बिग बॉस ने जांच पड़ताल कर अर्चना को घर से बाहर करने का फैसला लिया। हालांकि इस बारे में अभी तक कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट नहीं आया है। अर्चना के फैंस अब उनकी फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्हें एंटरटेनमेंट क्वीन बता रहे हैं। साथ ही उन्हें शो में वापिस लाने की मांग कर रहे हैं। बता दें कि बिग बॉस के शो में अर्चना को एक स्ट्रांग कंटेस्टेंट के रूप में देखा जा रहा था। वे टास्क के साथ-साथ घर के हर मुद्दे में इन्वॉल्व होती दिखाई देती थीं। उनकी कही बातें और डायलॉग काफी वायरल होते रहते हैं। दरअसल बिग बॉस के पहले भी अर्चना बॉलीवुड में काम कर चुकी हैं। वे मीडिया में काम करने के साथ-साथ राजनीति में भी उतर चुकी हैं, लेकिन उन्हें चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था।

# कच्चा बादाम पर अभिषेक संग थिरकीं उर्फी जावेद

बिग बॉस ओटीटी फेम एक्ट्रेस उर्फी जावेद आए दिन अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। पिछले दिनों उनका एक वीडियो भी वायरल हुआ था जिसमें उर्फी जावेद झूले पर चढ़कर शूटिंग करने के दौरान गिरते-गिरते बची थीं। उस वायरल वीडियो के बाद अब उर्फी जावेद का एक और वीडियो सामने आया है जिसमें उर्फी उडारियां फेम एक्टर अभिषेक कुमार के साथ डांस करती नजर आ रही हैं। यह क्लिप उर्फी जावेद के अपकमिंग सॉन्ग की रिकॉर्डिंग के दौरान का है। बता दें कि उर्फी जावेद जल्द ही पंजाबी वर्जन में नजर आएंगी। बात करें अभिषेक कुमार की तो सोशल मीडिया पर उनकी रील्स वायरल होने के बाद अब वह हर घर में मशहूर हो चुके हैं। अभिषेक पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री का लोकप्रिय चेहरा हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा, उर्फी और कच्चा बादाम सॉन्ग को इंट्रोडक्शन की कोई जरूरत नहीं है। मुझे खुशी है कि इस गाने के पंजाबी वर्जन को शूट करने के लिए मैं ऐसी टैलेंटेड और खूबसूरत एक्ट्रेस के साथ जुड़ रहा हूं। हम दोनों ही अभी इस गाने की शूटिंग पर काम कर रहे हैं। उर्फी जावेद की तारीफ करते हुए अभिषेक ने कहा, वह बहुत अच्छी लड़की है। वह बहुत मेहनती है और फोकस्ड है। मुझे इतने प्रोफेशनल लोगों के साथ काम करना अच्छा लगता है। अभिषेक ने कहा कि वह टीवी में काम करने के लिए हमेशा तैयार हैं अगर उन्हें कुछ अच्छे किरदार ऑफर किए जाएं।



# आलिया भट्ट हुईं अस्पताल से डिस्चार्ज, रणबीर कपूर की गोद में नजर आईं बेटी!

बॉलीवुड की बेहद खूबसूरत और टैलेंटिड एक्ट्रेसेस की लिस्ट में शुमार आलिया भट्ट ने 6 नवंबर को बेटी को जन्म दिया। इस गुड न्यूज से आलिया और रणबीर कपूर के फैन्स खूब खुश हुए और सोशल मीडिया पर कपल को बधाई दी। आलिया- रणबीर के फैन्स बेटी की एक झलक देखन चाह रहे हैं। हाल ही में ऐसी रिपोर्ट्स सामने आई थीं कि रणबीर-आलिया, अस्पताल से बाहर आकर मीडिया के सामने नहीं आएंगे और ऐसा ही हुआ भी, कपल कार से अस्पताल से घर की ओर रवाना हो गया। सोशल मीडिया पर जो फोटोज और वीडियोज दिख रहे हैं, उन्हें देखकर ऐसा लग रहा है कि कार में आगे बैठे रणबीर की गोद में उनकी बेटी है, हालांकि रिफ्लेक्शन की वजह से साफ तौर पर कुछ कहना मुश्किल है। याद दिला दें कि आलिया भट्ट और रणबीर कपूर ने 14 अप्रैल 2022 को शादी के बंधन में बंध गए थे। आलिया- रणबीर के वेडिंग और प्री वेडिंग फोटोज खूब वायरल हुए थे। इसके बाद 27 जून को आलिया भट्ट ने प्रेग्नेंसी की गुड न्यूज फैन्स के साथ शेयर की। आलिया भट्ट ने एक तस्वीर शेयर की थी, जो अस्पताल से थी और इस में उनके साथ रणबीर भी मौजूद थे। वहीं 6 नवंबर को आलिया भट्ट ने बेटी को जन्म दिया और एक प्यारा सा इंस्टा पोस्ट करते हुए इसकी भी जानकारी फैन्स के साथ शेयर की। बात आलिया के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की करें तो रणवीर सिंह के साथ आलिया भट्ट फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आएंगी। वहीं जी ले जरा में आलिया, कटरीना कैफ और प्रियंका चोपड़ा के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। इन सभी प्रोजेक्ट्स के अलावा आलिया भट्ट, हॉलीवुड फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन में भी जलवा बिखेरती नजर आएंगी। वहीं एसएस राजामौली की फिल्म भी लिस्ट में शामिल है। बात रणबीर के प्रोजेक्ट्स की करें तो वो ब्रह्मास्त्र से पहले शमशेरा में नजर आए थे। रणबीर के खाते में श्रद्धा कपूर के साथ एक फिल्म शामिल है, जिसका निर्देशन लव रंजन ने किया है। फिल्म का नाम अभी तक फाइनल नहीं हुआ है। वहीं फिल्म एनिमल में भी रणबीर कपूर अपना जलवा बिखेरते दिखेंगे। रणबीर कपूर के साथ एनिमल में अनिल कपूर, बॉबी देओल और रश्मिका मंदाना नजर आएंगे। कुछ वक्त पहले रणबीर के रश्मिका संग कुछ फोटोज भी वायरल हुए थे।



# किया शादी का ऐलान, एक्ट्रेस को इंस्टाग्राम पर बधाई दे रहे फैन्स और सेलेब्स





बॉलीवुड की सुपरफिट एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा अपनी अदाओं और फिटनेस से फैन्स के दिलों पर राज करती हैं। मलाइका अरोड़ा के फोटोज और वीडियोज अक्सर वायरल होते हैं, जिन पर फैन्स प्यार लुटाते हैं। मलाइका अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही अपनी लव लाइफ को लेकर भी खबरों में रहती हैं। मलाइका अरोड़ा, अर्जुन कपूर के साथ रिलेशनशिप में हैं और एक्ट्रेस के एक पोस्ट से फैन्स कयास लगा रहे हैं कि दोनों ने गुपचुप सगाई कर ली है या फिर शादी का ऐलान कर दिया है। दरअसल मलाइका ने एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है। फोटो में मलाइका मुस्कुराते हुए साइड पोज रही हैं। मलाइका हमेशा की तरह ही कहर ढा रही हैं, लेकिन साथ ही साथ उन्होंने कैप्शन से कई सवाल फैन्स के मन में छोड़ दिए हैं। मलाइका ने तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, मैंने हां कह दी। अब इस कैप्शन के बाद कुछ फैन्स का कहना है कि उन्होंने अर्जुन से गुपचुप सगाई कर ली है तो वहीं कुछ का कहना है कि शादी के लिए हां कह दी है और अब जल्दी ही शहनाई बजेगी।मलाइका के इस पोस्ट पर कई सेलेब्स ने भी उन्हें बधाई दी है। एक ओर जहां फैन्स अर्जुन और मलाइका की शादी- सगाई को लेकर खुश हो रहे हैं तो वहीं कई का ऐसा भी मानना है कि ये कोई प्रोमोशनल स्टंट हो सकता है, जो इससे पहले भी कई एक्ट्रेसेस कर चुकी हैं। कुछ वक्त पहले सोनाक्षी का भी एक ऐसा ही पोस्ट वायरल हुआ था। वहीं नेहा कक्कड़ ने भी शादी के कुछ वक्त बाद ही बेबी बंप का फोटो शेयर कर अपने नए गाने का प्रमोशन किया था। गौरतलब है कि अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा बीते लंबे वक्त से रिलेशनशिप में हैं। शुरुआती वक्त में दोनों ने इसे सभी से छिपाकर रखा था और इस बारे में कुछ भी कहने से बचते थे। वहीं कुछ वक्त बाद सोशल मीडिया पर इनके फोटोज वीडियोज सामने आने लगे और कपल भी एक दूसरे के पोस्ट्स पर रिएक्ट करने लगा। ऐसे में धीरे धीरे कुछ वक्त के बाद इस बारे में कपल खुलकर बात करने लगा। बता दें कि फैन्स को इनकी शादी का बेसब्री से इंतजार है।

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में सहयात्रा चरोखरा से 21 किलोमीटर पैदल चलकर इंदरगढ़ बालाजीपुरम में रात्रि विश्राम



**प्रदेश समय बरका।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में सहयात्रा सेवड़ा विधायक घनश्याम सिंह के नेतृत्व में चल रही है राहुल गांधी जी का संदेश जन जन तक पहुंचाने के लिए भारत जोड़ो सह यात्रा के माध्यम से जिलाध्यक्ष अशोक दांगी बगदा कार्यकर्ताओं के साथ कदम से कदम मिलाकर ओर नफरत छोड़ भारत जोड़ने का संदेश दिया कि महंगाई बेरोज़गारी भृष्टाचार के खिलाफ दिया उद्बोधन, सहयात्रा सेवडा क्षेत्र चीना के बंबा पर गम्भीर पटेल,महावीर प्रसाद कौरव,अतुल माहते ने फूलमालाएं पहनाकर कर स्वागत किया। थरेट में राकेश माहते सरपंच, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राम शर्मा,ब्रदी प्रसाद पटवारी,कमल किशोर शर्मा ने श्रीफल एवं शाल भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। पिपरऊया से रामेश्वर वघेल सरपंच ने फूल माला पहनाकर कर स्वागत किया। सेगुंवा से नन्ने राजा,राहुल राजा नीरज यादव सरपंच ने श्रीफल एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया। सेथरी में सरपंच नारायण सिंह परिहार,रामप्रकाश नायक, सीताराम कुशवाहा आदि ने फूल मालाएं पहनाकर कर स्वागत किया। जौनिया पर विधायक घनश्याम सिंह ने खेरापति सरकार स्थान पर पंडित जी द्वारा पूजा पाठ कर आर सी सी का पूजन कर देश में सभी नागरिकों की रक्षा एवं खुशयाली की कामना की फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया रुक कर व्यापारियों एवं आम जनता के सामने सन्देश पहुचाने एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक दांगी बगदा सहित ने भा जा पा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आगे चले

सहयात्रा का सेवडा से 21 राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए सेवड़ा विधायक घनश्याम सिंह,कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक दांगी बगदा, प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस मांडवी राजे, पंजाव सिंह यादव सूर्य प्रताप परमार देवाशीष जरारिया,हुकुम सिंह यादव,सरनाम सिंह राजपूत, प्रभू दयाल जौहरे देवेंद्र यादव जनवेद सिंह कुशवाहा,राम शर्मा,बीके जाटव,शिरोमणि सिंह सोलंकी, प्रान्जुलसिंह उर्फ़ सोनू चोहान,नारायण बाबूजी,यतेंद्र सिंह गुर्जर,धीरज गंधी,भानू ठाकुर,जिला मीडिया प्रभारी अशोक श्रीवास्तव मुईन कुरैशी बिक्रम दांगी तैडोत,अशोक दांगी कड़कडा,धीरेन्द्र सिंह राठौर,के पी यादव,, जयवेन्द सिंह परिहार सरपंच, दशरथ पटेल रोड सिंह धुरव सिंह बुंदेला राकेश माहते जसमंत सिंह वघेल सेवड़ा,हरीमोहन गुर्जर,कमल किशोर शर्मा,राकेश माहते, राजकुमार श्रीवास्तव, रामहंस कुशवाहा जगत सिंह धाकड़ रहीस




खान सीता राम कुशवाह शिवकुमार पाठक,रामेश्वर चौवे,सोनू यादव,महेंद्र प्रजापति, नवनीत महांत रमेश उचाडिया, चन्द्रभान सिंह चोहान, पवन पांचाल, दिनेश राठौर,रामकुमार कुशवाहा,परमानन्द जाटव,सोनू परिहार,बादशाह ख़ान, सन्तोष झन्डा वाले,ऋषभ गुर्जर,नोमी यादव,जगन्नाथ अहिरवार भीषम कुशवाह सुरेश परिहार राहुल परमार आदि सेंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### समाज सेवा में सराहनीय कार्य करने पर

# कुंवर भीम सिंह राजपूत एस. एस. आई. एफ. ग्लोबल पीस अवार्ड 2022 से सम्मानित

श्री सत्यइंदिरा फाउंडेशन- एस. एस. आई. एफ. द्वारा समाज सेवा में सराहनीय कार्य करने पर कुंवर भीम सिंह राजपूत (विवेक)को एस. एस. आई. एफ. ग्लोबल पीस अवार्ड 2022 से सम्मानित किया सेवानीति, वीरता, कला, खेलकूद,लेखन, पत्रकारिता, ज्योतिष, कवि तथा समाज सेवा में सराहनीय कार्य करने वाले दिग्गजो को एस. एस. आई. एफ. ग्लोबल पीस अवार्ड 2022 तथा एस. एस. आई. एफ. वीरता सम्मान 2022 से सम्मानित किया गया अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस ऑनलाइन कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों के कई प्रतिभाशाली व्यक्तियों के साथ विदेश से श्रीलंका,नाईजीरिया, मैक्सिको, कनाडा, यूनाईटेड किंगडम, जापान, यू. ए. ई. , तथा इंडोनेशिया के प्रिंस डॉ. एच. आर.एच. प्रिंस फ़रांसिस्कस फाओजीसोखी व इंडोनेशिया की प्रिंसेस डॉ. एच. आर. एच. प्रिंसेस डोना देयू केनसना सोकारनो सहित कई देशों के लगभग गणमान्य नागरिकों द्वारा इस कार्यक्रम में भाग लिया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 400 प्रतिभाशाली व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। एस. एस.



आई. एफ. की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एस. स्मृति सारस्वत एवं एस. एस. आई. एफ. टीम द्वारा समस्त सम्मानित व्यक्तियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। एस. एस. आई. एफ. की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एस. स्मृति सारस्वत ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने व्यस्त जीवन में से कुछ समय निकालकर गरीब एवं जरुरतमंदों की मदद करनी चाहिए जिससे समाज एवं देश उन्नति की ओर अग्रसर हो कुंवर भीम सिंह राजपूत (विवेक) ने कहा कि लोगो को एक दूसरे की मदद के लिए आगे आना चाहिए कमजोर को दबाने की बजाय उसका हाथ पकड़कर आगे बढ़ने मे सहयोग करना चाहिए। श्री सत्यइंदिरा फाउंडेशन द्वारा लगातार गरीब,असहाय,बेसहारा एवं जरूरतमंद लोगों की मदद की जा रही है एस. एस. आई. एफ. द्वारा झुग्गी बस्तियों एवं फूटपाथ पर रहने वाले बच्चो की शिक्षा के लिए एस. एस. आई. एफ.पाठशाला × स्ट्रीट क्लासेज ,जरूतमंदो के लिए राशन हेतू एस. एस. आई. एफ.अन्नदान योजना, महिलाओं के विकास के लिए एस. एस. आई. एफ.महिला, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं उत्थान, बच्चो को शिक्षा से जोडने के लिए एस. एस. आई. एफ. बचपन बचाओ अभियान, तथा एस. एस. आई. एफ. स्लम एरिया डेवलपमेंट प्रॉजेक्ट आदि योजनाएं चला रही है।

# मां-बेटी वीडियो बनाकर करती थीं ब्लैकमेल, 90 लाख की ठगी को अंजाम

इंदौर। मध्य प्रदेश में पुलिस ने एक ऐसी मां-बेटी को गिरफ्तार किया है जिसके कारनामे सुन आप हैरान हो जाएंगे। मां-बेटी पर यह आरोप है ने इंदौर के अलग-अलग इलाकों से कई लोगों को अपना शिकार बनाया था। वो लोगों को फंसा कर वीडियो बना लिया करती थीं।



कि वो हनीट्रैप के जाल में लोगों को फंसाती थीं। मां-बेटी लोगों को फंसा कर उनपर रेप और गैंगरेप जैसी धाराओं में मामला दर्ज कराने की धमकी दे लाखों रुपए वसूलती थीं। पुलिस ने बताया कि मां-बेटी पुलिस ने बताया कि अब तक मां-बेटी ने मिलकर कुल 90 लाख रुपए की वसूली की है। पुलिस ने बताया कि कुछ दिनों पहले एक युवक थाने में शिकायत लेकर आया। युवक ने शिकायत में कहा कि संगीता ठाकुर और उसकी मां भूमिका ठाकुर उसका वीडियो बना कर पैसे मांग रही हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए जांच किया। जांच में यह सामने आया कि दोनों मां-बेटी पहले लोगों से दोस्ती करती थीं फिर उन्हें ब्लैकमेल करती थीं। ब्लैकमेल करने के लिए वो वीडियो बना लिया करती थीं। वीडियो के आधार पर जब उन्हें पैसे नहीं मिलते थे तब वो थाने में रेप का फर्जी मामला भी दर्ज करा देती थीं। थाने में रेप का मामला दर्ज होने के बाद लोग डर जाते थे। इसी का फायदा उठा कर मां-बेटी लोगों से रुपए वसूलती थीं। जांच के बाद पुलिस ने मां-बेटी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में दोनों से पूछताछ की जा रही है। जांच में यह सामने आया है कि मां-बेटी ने मिलकर कुल 90 लाख रुपए अब तक वसूले हैं।

## मध्य प्रदेश में जल्द शुरू होगी 5-जी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में रिलायंस जिओ 5त्न टेलीकॉम सर्विस की शुरुआत हुई है। इसके बाद 5-जी सर्विस इंदौर, भोपाल समेत अन्य शहरों में शुरू होगी। कंपनी महाकाल लोक, खजुराहो, भेड़ाघाट समेत अन्य पर्यटन स्थलों पर 5-जी सर्विस का फ्री वाई-फाई जोन बनाएगी। मुंबई में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और जिओ कंपनी की चर्चा के दौरान इस बात पर निर्णय लिया गया। सीएम ने कहा कि 5-जी सर्विस की सुविधा जल्द ही मध्य प्रदेश में भी मिलेगी, उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश के किन जिलों से इस सुविधा की शुरुआत होगी, जबकि राज्य के कुछ पर्यटन स्थलों को 5जी सर्विस के फ्री वाइ फाई जोन स्थापित करने की घोषणा भी मुख्यमंत्री ने की है।



# इंदौर में टीचर की करतूत, नर्सरी के बच्चे के हाथ पर लिखा

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर के सुदामा नगर में रहने वाले प्रॉपर्टी व्यवसाय के 3 वर्षीय मासूम के हाथ पर स्कूल की एक टीचर ने काले मार्कर से लिख दिया जब प्ले स्कूल में पढ़ने वाला छात्र घर वापस आया। तो उसके हाथ पर यह लिखा देख परिजन आक्रोशित हो गए जिसके बाद बाद परिजनों द्वारा प्रबंधन को इसकी शिकायत की जिससे प्रबंधन माफी मांगते हुए नजर आया। सुदामा नगर में रहने वाले राहुल एक प्रॉपर्टी व्यवसाई है जिनके दो बच्चे हैं बड़ी लड़की आठवीं कक्षा में है और 3 साल का मासूम बड़ी मन्नत उसे पैदा हुआ है। मन्नत उसे पैदा होने के कारण राहुल ने अपने मासूम के बाल नहीं कटवाए लेकिन जब बुधवार को उनका 3 वर्षीय मासूम स्कूल से घर आया तो उसके हाथ पर काले मार्कर से यह लिखा हुआ देखा तो परिजन आक्रोशित हुए और स्कूल प्रबंधन से इसकी शिकायत करने पहुंचे जिस पर स्कूल प्रबंधन ने माफी मांगते हुए संबंधित टीचर के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। पिता का कहना था कि बच्चा प्ले स्कूल में जाता है और बड़े बाल होने से स्कूल प्रबंधन को यदि कोई दिक्कत थी तो वह परिजनों से इसके लिए कह सकता था वही बच्चे की मन्नत ली गई थी और सहारनपुर स्थित एक देवी माता के मंदिर में उसके बाल उतारे जाने थे इस कारण से मासूम के बालों को नहीं काटा गया लेकिन इस तरह से हाथ पर लिखना कहां की समझदारी है वहीं परिजनों द्वारा स्कूल प्रबंधन से इस बात के लिए कड़ी आपत्ति भी ली गई

# महिला का नहाते हुए बनाया अश्लील वीडियो, दो माह तक ब्लैकमेल करता रहा शारीरिक शोषण

**खरगोन।** मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के कसरावद में नवविवाहिता का अश्लील वीडियो बनाकर शारीरिक शोषण करने का मामला आया सामने आया है। पीड़ित



महिला के पड़ोस में रहने वाले एक सख्श ने ही पीड़ित का नहाते वक्त वीडियो बना कर उसे ब्लेकमेल कर उसकी साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित महिला न्याय की गुहार लेकर थाने पहुंची थी।पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल भेज दिया। खरगोन जिले के कसरावद थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता का अश्लील वीडियो बनाकर शारिरिक शोषण का मामला सामने आया है। करीब दो माह से ब्लैकमेलिंग का शिकार हो रही महिला ने तंग आकर युवक के खिलाफ कसरावद थाने दर्ज कराई रिपोर्ट है। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले हामिद नाम के सख्श ने नहाते समय उसका वीडियो बना लिया। बाद में वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी दो माह से पीड़िता को प्रताणित कर रहा था। एएसपी जितेंद्र सिंह ने बताया कि कसरावद निवासी महिला ने अपने ही मोहल्ले के युवक पर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया है। आरोपी ने महिला का अश्लील वीडियो बनाया था। उसे ही लीक करने की धमकी देकर दो माह से शारीरिक शोषण कर रहा रहा। आरोपी ने पूछताछ में अपराध कबूला है। न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है। वही मामले में आगे की जांच की जा रही है।

# 8 साल लिव-इन में रहे प्रेमी ने किन्नर को दिया धोखा

**भोपाल।** हैदराबाद के रहने वाली किन्नर शबनम खान को मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में ग्राम महोद के युवक जुबेर ने रिश्ते के नाम पर धोखा दिया। साथ ही युवक ने 13 लाख की चपत लगाई और दुबारा अपने घर भाग आया। इसके बाद किन्नर ने युवक का सोशल मीडिया का सहारा लिया और उसके घर आ धमकी। दरअसल बुधवार को किन्नर शबनम खान बुरहानपुर एसपी ऑफिस पहुंच गई और पुलिस को शिकायत दी। इस शिकायत में उसने बताया कि जुबेर उसके घर से दस लाख रुपए नगद और तीन लाख रुपए का सोना चुरा कर भाग आया है। वहीं किन्नर की शिकायत पर बुरहानपुर के एसपी राहुल कुमार ने मामले की जांच कर युवक के खिलाफ मामला दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। किन्नर ने बताया कि जुबेर 15 दिन उसके साथ और 15 दिन बुरहानपुर रहता था। मैं उसे अपना पति मानती थी, लेकिन वह मेरे



साथ मारपीट करता था। जब मैं किन्नरों के सम्मेलन में गई थी,तो वह चोरी करके भाग आया। पुलिस से गुहार लगाते हुए कहा कि अब इंसाफ चाहती हूं। जानकारी के अनुसार हैदराबाद के रहने वाले शबनम किन्नर ने बताया कि जुबेर मेरे साथ 8 साल से लव इन रिलेशनशिप में रह रहा था। मैं जुबेर को अपने पति की तरह रखती थी, लेकिन जुबेर अक्सर उसके साथ मारपीट करता था और पाबंदी लगाता था। जिसके बाद बाद मैंने उससे दूरी बना ली। आगे बताया कि इस बीच जुबेर 25 अक्टूबर को हैदराबाद स्थित मेरे घर तीन लाख के सोने के जेवर और घर में रखे दस लाख रुपए नकदी चुराकर भाग गया। इन चोरी की घटना के बाद वह लगातार जुबेर को फोन कर रही थी। लेकिन उसका मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा था। इसके अलावा उसके घर वाले भी फोन रिसीव नहीं कर रहे थे। किन्नर ने बताया कि इसके बाद मैंने जुबेर को ढूंढने का मन बनाया, लेकिन मुझे सिर्फ इतना पता था कि वह बुरहानपुर में रहता है। फिर यूट्यूब पर सर्च किया तो पता चला कि बुरहानपुर शहर मध्य प्रदेश में है। इसके बाद मैंने जिले पहुंच कर पुलिस में शिकायत की है।

# 3 दिन पहले ही हुआ बड़ा हादसा फिर भी बसों के कंडक्टर और मालिक हर रोज़ खुलेआम उड़ा रहे शासन द्वारा यात्री वाहनों के वनाये गये नियमों की धज्जियाँ

दतिया ज़िले के तहसील भांडेर इंदरगड़ सेंवड़ा में बस मालिक और उसमे चलने वाले कंडेक्टर प्रतिदिन शासन द्वारा बनाये गये यात्री बाहन के नियमों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ा रहे है भांडेर से सेकड़ो यात्री हर रोज़ दतिया,झाँसी,डबरा,ग्वालियर, समथर इंदरगड़ से लेकर अन्य जगहों के लिए सफ़र करते है इन यात्रियो से प्रशासन और ट्रांसपोर्ट विभाग को आमदनी होती है लेकिन अमूमन हर यात्री को कुछ न कुछ शिकायत होती है जिसपर पीड़ित के अलावा कोई ध्यान नहीं देता जानकारी के लिए बता दे न सिर्फ दैनिक यात्री बल्कि लम्बे सड़र पर चलने वाली बस सेवाओं में सवारी (यात्रियों) के लिए कई अधिकार सुनिश्चित किए गए है जिनका पालन करना ट्रांसपोर्ट विभाग और बस सेवा के लिए अनिवार्य है अगर इन नियमों में बस सेवा द्वारा कोताही बरती जाती है तो यात्री उनसे जुर्माना भी वसूल कर सकता है अधिक धन कमाने के लालच में बसों में ठूस ठूस कर सवारियाँ भरते है बस संचालक और परिचालक जितने यात्री को सीट पर बैठा रहे है उससे ज़्यादा खड़ा करके ले जा रहे है बसों में यात्रियों को ठूस ठूस कर सामान की तरह लाद दिया जाता है गर्मी में कई यात्री घुटन और बेचैनी महसूस करते है लेकिन उनकी सुविधा असुविधा की परवाह किए बग़ैर ही बस चालक एवं परिचालक बसों में यात्रियो को सीट दिलाने की बात कहकर भरते रहते है जब बस अपना स्टॉप छोड़ देती है तो सीट न मिलके के कारण हर रोज यात्रियों ओर कंडेक्टर तू तू में में होते नजर आती है फटेहाल सीटो की हालत पर भी बस संचालक ध्यान नहीं देते अव्यवस्थाओ को लेकर आये दिन यात्री और कंडक्टर से काफ़ी नोक झोंक होती रहती है बस मालिकों का प्रभाव और पैसा यात्रियो की जान पर भारी पड़ रहा है।



**मनमाना किराया**-मोटरयान अधिनियम के तहत प्रत्येक यात्री वाहन में किराया सूची स्पष्ट दर्शित होना चाहिए। लेकिन भांडेर नगर से गुजरने वाली बसों में किराया सूची तलाशने पर भी नहीं दिखाई देती है। बसों में किराया सूची नहीं लगी होने से एक स्थान से दूसरे स्थान का वास्तविक किराया यात्रियों को पता ही नहीं चल पाता और बस मालिक के निर्देशों पर बस कंडक्टर यात्रियों से मनमाना किराया बसूलते है।

**टिकट के नाम पर कच्ची पर्ची**-यात्रा करने वाले यात्रियों से बस चालक एवं परिचालक एवं परिचालकों द्वारा बग़ैर नाम पते के टिकट दी जाती है इस प्रकार सवारियो को दिये जाने वाले टिकट पर बस का नाम नदारत रहता है। स्थान और किराया भी स्पष्ट नहीं रहता । इससे अगर कोई यात्री बस चालक एवं परिचालक की शिकायत करना चाहे भी तो स्पष्ट प्रमाणों के साथ सिकायत करने में असमर्थ रहते है। अगर टिकट कंडक्टर से इस मामले में बात करे तो बो भी सीधे मुँह बात नहीं करते है।

**मज़ाक़ बन कर रह गये नियम** - सुरक्षा की दृष्टि से देखा जाये तो शहर में गिनती की बसे ही मापदंडों पर खरी उतरती होगी। अगर ऐसे ही शासन द्वारा बनाये गये नियमों की धज्जियाँ उड़ती रही तो किसी बड़ी दुर्घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

**हादसा**--जानकारी के अनुसार बता दे की 07 नवम्बर सोमवार को भांडेर से क़रीब 12 किमी. दूर आड़े गोला के पास ही सुबह के टाइम बस पलट गई थी जिसमे एक की जान और 25 घायल एवं 03 गंभीर रूप से घायल हुए थे जो स्पष्ट बड़ी दुर्घटना को दर्शाता है फिर भी बस चालक और परिचालक अपनी मनमानी कर रहे है और खुले आम शासन की धज्जियाँ उड़ा कर एक और बड़ी दुर्घटना को बुलावा दे रहे है। ऊपर फोटो में देखकर आप सभी अन्देजा लगा सकते है की किस प्रकार सवारियो को ठूस ठूस कर बसों में ले जाते है। अव ऐसे में सवाल तो उठता है की आख़रि कब यात्रियों की जानो से खेला जाएगा क्या कभी शासन के बनाये गये नियमों का पालन होगा या नहीं देखना होगा ड़ संबंधित अधिकारी आख़रि कब तक इन सब चीजों को अनदेखा करते रहेंगेड़ ख़बर चलने के बाद देखना होगा की कितनी बसों की जाँच कर उनपर कार्यवाही की जाएगी या इसे भी अनदेखा करके छोड़ दिया जाएगा।




# जानकी सेना संगठन द्वारा निकाली गई आमंत्रण यात्रा

पुष्पांजली टुडे से संवाददाता विशाल सिंह की रिपोर्ट

शिवपुरी। जानकारी के अनुसार जानकी सेना संगठन अखिल भारतीय द्वारा कराए जा रहे भव्य सुंदरकांड कि आज शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें विक्रम सिंह रावत जी अन्य भक्त ने हाथ जोड़कर सभी निवेदन करते हुए कहा कि सभी भक्तगण 12/11/2022 को पोलो ग्राउंड में आकर सुंदरकांड का आनंद लें।

# भय, भूख, बेरोजगार और भ्रष्टाचार की पहचान है मध्यप्रदेश की भाजपा सरकारः शैलेन्द्र सिंह भदौरिया

## भारत जोड़ो यात्रा को मिल रहे जनसमर्थन से घबराई भाजपा सरकार, कॉन्फ्रेंस में नहीं थे शिवपुरी जिला अध्यक्ष और कोई भी कांग्रेस पदाधिकारी

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी** -मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ भय भूख बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी हमेशा आगे रही है और यही कारण है कि आज 18 वर्षों की भाजपा सरकार ने जनता को भावनाओ से धोका और खिलवाड़ किया है जिसका जीता जगत शिवपुरी जिले में मड़ीखेड़ा जैसा महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है जिसे लेकर आज भी शिवपुरी शहर की जनता पानी की समस्या से जूझ रही है पर भ्रष्टाचार का आलम है कि यह मड़ीखेड़ा योजना के पाइपलाइन कई बार क्षतिगस्त भी हो चुकी है. इसके अलावा बेरोजगारी का आलम है, कोई भी शासकीय विभाग हो बिना पैसों के कोई काम नहीं होता यहा भ्रष्टाचार का पैमाना है. आज एक घर को दो वक्त का चूल्हा जलाने के लिए महंगाई का सामना करना पड़ रहा है यह मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार की देन है लेकिन अब आने वाला समय बदलने वाला है 2023 के विधानसभा चुनाव में देश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है और हम जनता के साथ जनता के हितों को लेकर प्रतिबद्ध है। यह बात कही मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री शैलेंद्र सिंह भदोरिया ने जो स्थानीय होटल मातोश्री में मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के महंगाई, भ्रष्टाचार बेरोजगारी आदि मुद्दों को लेकर प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान प्रेसवार्ता में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री सिंह भदौरिया ने कहा कि काग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को अपार जनसमर्थन मिल रहा है मध्यप्रदेश में यात्रा 20 नवंबर से बुरहानपुर में प्रारंभ होने जा रही है जो कि 21 नवंबर को विश्राम के बाद 22 नवंबर से लगातार 13 दिनों तक प्रदेश भर में भ्रमण करेगी। इस यात्रा का मुख्य उद्देश जन-जन को भारत जोड़ो यात्रा से जोड़ने का है और इस यात्रा से भाजपा सरकार भी घबराई हुई है हमें आशंका है कि कहीं ना कहीं कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को भाजपा सरकार के द्वारा निशाना बनाया जाकर उसमें विघ्न पैदा किया जा सकता है मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी व्यापक सुरक्षा की मांग कर रही है। इसके बाद भी यदि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा मैं कोई भी वाद-विवाद की स्थिति बनती है तो उसके लिए जवाबदेही मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार होगी उसके लिए आवश्यक है कि व्यापक सुरक्षा प्रबंध भारत जोड़े यात्रा के लिए मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार करें प्रेस वार्ता में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अन्य पदाधिकारी कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# टमाटर से भरी लोडिंग वाहन ट्रक में जा घुसी, पिकअप चालक की मौत





## पिकअप वाहन में फंसे ड्राइवर को राहगीरों की मदद से घंटों की मशक्कत के बाद निकाला गया

अरुण कुशवाह कोलारस रिपोटर पुष्पांजलि टुडे

**कोलारस**-थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच 47 फोरलेन हाईवे पर एक ट्रक और पिकअप लोडिंग वाहन की आमने-सामने की भिड़ंत में लोडिंग चालक की मौत हो गई। कोलारस थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। रॉन्ग साइड आ रहा था पिकअप वाहन, उड़े परखच्चे - जानकारी के अनुसार बीते रात लगभग 11 बजे पिकअप लोडिंग वाहन में टमाटर भरकर लोडिंग वाहन का चालक फोरलेन की रॉन्ग साइड में दौड़ा रहा था इसी दौरान खालसा होटल के पास गुना से शिवपुरी जा रहे एक ट्रक की पिकअप लोडिंग वाहन की आमने सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। भिड़ंत में लोडिंग वाहन के परखच्चे उड़ गए। दो वाहनों की जबरदस्त भिड़ंत की आवाज दूर-दूर तक पहुंची। दुर्घटना स्थल पर पहुंचकर लोगों ने बड़ी मशक्कत के बाद लोडिंग वाहन में फंसे चालक को बाहर निकाला और 108 की मदद से शिवपुरी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। फिलहाल चालक की शिनाख्त नहीं हो सकी है चालक की जेब में ललितपुर निवासी लखनलाल के नाम का आधार कार्ड पुलिस को मिला है। पुलिस चालक के परिजनों से संपर्क करने की कोशिश कर रही है

# बिना अनुमति के जिलेटिन छड़ जैसे विस्फोटक पदार्थ बेचने वालों पर नही हो रही है कोई कार्यवाही

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे




श्योपुर। जिले के नगर विजयपुर में स्थित फर्म कैलादेवी ट्रेडर्स एवं एस.एल. ट्रेक्स के संचालकों द्वारा बिना किसी विभागीय अनुमति के जिलेटिन छड, डेटोनेटर एवं ब्लॉस्टर जैसे लाखों रुपये के विस्फोटक पदार्थ पनी आबादी में स्थित अपनी दुकान से जा रहे है जिससे कभी भी कोई गंभीर हादसा हो सकता है एवं कई निर्दोष लोगों की जान भी जा सकती है। इसमें जिले के अधिकारियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों को समय-समय पर शिकायतें भेजी गई थी इन शिकायतों की जाँच लम्बित है अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्यवाही न करते हुए पूरे मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया जा रहा है। यह मामला तब और भी गंभीर हो जाता है जब फर्म संचालकों द्वारा अशा विस्फोटक पदार्थों की सप्लाई विभिन्न पंचायतों में होने वाले निर्माण कार्यो में की गई है तथा भुगतान कार्यालय जनपद पंचायत जयपुर से अपने बैंक खातों में प्राप्त किया है। इतने स्पष्ट प्रमाण होने के बाद भी फर्म संचालकों पर कोई कार्यवाही न होना कहीं कहीं अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर संदेह पैदा करता है। इनका कहना अवैधरूप से विस्फोटक सामाग्री बेचने वालों के विरुद्ध समय-समय पर कई अधिकारियों को शिकायतें भेजी थी किन्तु मेरी शिकायतों पर आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

# विद्युत लाइन के खंबे पर लगी आग हो सकती हैं बड़ी घटना

पुष्पांजली टुडे से
संवाददाता विशाल सिंह की रिपोर्ट

करैरा अमोला थाना अंतर्गत छान बस स्टैंड के पास विद्युत के खंभे पर 45 मिनिट आग लगती रही जब संबंधित अधिकारी को कॉल किया गया तो उन्होंने कॉल ही पिकअप नहीं किया कई बार जब कॉल किया तब किसी और ने कॉल पिकअप किया तब उन्हे इस घटना के बारे में बताया गया तो उन्होंने कोई कड़ा कदम नहीं उठाया इस वजह से कोई बहुत बड़ी घटना भी हो सकती है जब बात बिजली की बिल भुगतान की आती है तो भुगतान पूरा चाहिए लेकिन जब कोई समस्या होती है तो कोई भी अधिकारी सुनने के लिए तैयार नहीं होता है कहीं कोई बड़ी घटना हो गई तो इसका कौन जिम्मेदार होगा।





# नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत लघु फिल्म दिखाकर छात्राओं को किया जागरूक

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश शासन के नशा मुक्ति अभियान के तहत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।जिसमें डॉ. आलोक पुरोहित,नोडल ऑफिसर (जिला तंबाकू निषेध प्रकोष्ठ ग्वालियर)ने मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया।जिसमें उन्होंने यह बताएं कि छात्राएं कल का भविष्य है और उनके दृढ़ संकल्प से ही दोनों परिवारों के लोग आगे नशा मुक्त देश बना सकते हैं।साथ ही उन्होंने तमाकू में शराब से कैसे बचा जाए।इसके कानून बने हुए हैं,बस जागरूकता की जरूरत है।इसके बारे में बताया साथ ही डॉ संतोष यादव ने कार्यक्रम में का संचालन करते हुए ड्रग उन्मूलन पर एक लघु फिल्म दिखा कर छात्राओं को जागरूक किया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एम आर कौशल ने नशा मुक्ति पर छात्राओं को उद्बोधन दिया।डॉ.राघवेंद्र त्रिपाठी,डॉ मोहित आर्य,डॉ.दिनेश पाटीदार का कार्यक्रम को सफल बनाने में काफी योगदान रहा।अंत में आभार प्रदर्शन डॉ वीणा शुक्ला राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी ने किया।

# विधिक साक्षरता दल पहुंचा सात गांव

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ नेशनल लोक अदालत के माध्यम से मामलों का निराकरण कराने व मामलों के निराकरण के लिए समझौता समाधान योजना का अधिक से अधिक ग्रामवासी लाभ ले सके। इस हेतु गठित प्रचार दल आज गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी एडीआर भवन से ग्राम टोंगरा, मानपुर झलवासा, लालगढ, तानपुर, छिटेरा, पिपरसमा के नागरिकों को विधिक साक्षर करने हेतु निकला। विधिक साक्षरता दल में पैरालीगल वालेंटियर श्री अभिषेक मांझी एवं विधि छात्र आलोक दीप, राहुल, आशुतोष कुशवाह, हर्षदीप जाटव, मुस्कान भार्गव एवं दिव्यांशी कुशवाह ने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर नागरिकों को लोक अदालत समझौता समाधान न्याय आपके द्वार, मध्यस्थ योजना एवं पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये जाने पर गिरफ्तार होने वाले व्यक्ति को दी जाने वाली विधिक जानकारी के साथ-साथ रिमांड स्टेज से लेकर मजिस्ट्रेट न्यायालय, शेसन न्यायालय, उच्च न्यायालय स्तर तक दी जाने वाली निशुल्क विधिक सहायता आदि के संबंध में जानकारी दी।



साथ ही नागरिकों को सशक्तिकरण हेतु जागरूकता अभियान के साथ-साथ संचालित हक हमारा भी तो है अभियान के तहत सर्किल जेल शिवपुरी में विजिटिंग लायर मुरालीलाल कुशवाह एवं पैरलीगल वालेंटियर श्री अमित दांगी ने जेल लीगल एड क्लीनिक में उपस्थित होकर विचाराधीन एवं सजायाफ्ता बंदियों से संपर्क कर लगभग 25 बंदियों के इंनफोरमेशन कार्ड राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा में प्रश्नावली तैयार की।



# बालेन्दु का 1 झांसी रोड फिर आबाद, कांग्रेसी जुटने लगे

**ग्वालियर।** ग्वालियर में किसी समय कांग्रेसियों व प्रशासन के अधिकारियों से आबाद रहने वाला झांसी रोड बंगला अब फिर रौनक से सराबोर है, अब यहां मध्यप्रदेश के दिग्गज कांग्रेसियों से लेकर अंचल व जिले भी के कांग्रेसियों का डेरा लगने लगा है। यह बंगला है कांग्रेस की सरकारों में सबसे पावरफुल व लोकप्रिय मंत्री रहे बालेन्दु शुक्ला का, जो अब पुन: कांग्रेसियों के सत्ता का केन्द्र है। पूर्व मंत्री बालेन्दु शुक्ला के अब कांग्रेस में पुन: सक्रिय हो जाने से उनके घर दिन भर कांग्रेसियों के जगघट लगते हैं , और अंचल में कांग्रेस की फिर से कैसे विजयश्री मिले इसके लिए विचार विमर्श चलते हैं। वैसे यहां यह बता दें कि पूर्व मंत्री बालेन्दु शुक्ला किसी जमाने में तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री स्व. माधवराव सिंधिया के दाहिने हाथ माने जाते थे, और पूरे प्रदेश में उनकी तूती बोलती थी, क्योंकि आम कार्यकर्ता व आम जनता कभी सिंधिया तक अपनी शिकायतें लेकर पहुंच नहीं पाते थे, तब बालेन्दु ही हर आदमी की पुरजोर मदद करते थे। हालांकि पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. माधवराव सिंधिया के बाद वह उपेक्षा से पहले बसपा और बाद में भाजपा में शामिल हो गये थे, लेकिन अब ज्योतिरादित्य सिंधिया के भाजपा में आने के बाद वह वापस कांग्रेस में चले गये। कहा जाता है कि उनकी स्व. माधवराव सिंधिया के पुत्र व अब केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से कभी नहीं पटी। बालेन्दु उन्हें कभी उम्र के अंतर के कारण अपना नेता स्वीकार नहीं कर पाये व ज्योतिरादित्य सिंधिया भी अपने पिता के बाल सखा बालेन्दु शुक्ला को सीनियर लीडर के रूप में स्वीकार नहीं कर सके। इसी कारण ज्योतिरादित्य सिंधिया के भाजपा में आते ही बालेन्दु शुक्ला ने पुन: कांग्रेस की राह पकड ली। अब बालेन्दु शुक्ला प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के विश्वसनीय है और अंचल में कांग्रेस की बजनदारी के लिए कमलनाथ ने उन्हें फ्री हैंड भी छोड दिया है।



**कांग्रेस की एकजुटता के लिए विशेष प्रयास**–पूर्व मंत्री व प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ नेता अंचल में कांग्रेसियों को एकजुट करने में लगे हैं। उन्होंने ग्वालियर -चंबल संभाग में अपने दौरे भी सभी जिलों व ब्लॉक स्तर पर पूरे कर लिए हैं और प्रतिदिन सैकडों समर्थकों व कांग्रेसियों से वह मीटिंग भी करते हैं। भविष्य की 2023 के चुनाव के लिए वह मंथन भी करते हैं।

**आज महापौर पहुंची**–आज महापौर डॉ. शोभा सिकरवार उनके निवास पर पहुंची और उन्होंने विभिन्न मुददों पर पूर्व मंत्री से चर्चा की। पूर्व मंत्री व कांग्रेस नेता बालेन्दु शुक्ला ने उनका स्वागत अभिनंदन भी किया। इस मौके पर भारी संख्या में कांग्रेस जन भी उपस्थित थे।

# ग्वालियर व्यापार मेला समय पर प्रारंभ हो: कैट

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल अंडिया ट्रेडर्स (कैट) के जिला संयोजक दीपक पमनानी, जिला अध्यक्ष रवि गुप्ता, महामंत्री मुकेश जैन, कोषाध्यक्ष जे.सी. गोयल, संयुक्त सचिव मयूर गर्ग ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, एमएसएमई मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा, केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं ज्योतिरादित्य सिंघिया को लिखे पत्र में अनुरोध किया है कि 25 दिसम्बर से लगने वाला ग्वालियर व्यापार मेला समय पर लगे, इसकी तैयारियों को लेकर कार्य प्रांरभ किया जाये साथ ही 50 प्रतिशत आरटीओ रजिस्टेशन पर छूट मिले ताकि ओटो मॉबाइल व्यवसाय और मेले का आकर्षण आगे बढ सके। केट पदाधिकारियों ने इस संबंध में शीघ्र ही भोपाल में मुख्य मंत्री, मंत्रीगण से एवं ग्वालियर में केन्द्रीय मंत्रीगणों से मिलने का निर्णय किया है ताकि ग्वालियर व्यापार मेले को समय से प्रारंभ किया जा सके।



# कम्युनिटी पुलिसिंग में थाना स्तरीय समितियों का कार्य महत्वपूर्ण : मोती उर रहमान

**ग्वालियर।** शहर के नवागत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी मोती उर रहमान ने कहा कि कम्युनिटी पुलिसिंग में व्यापारियों के द्वारा गठित की गई थाना स्तरीय समिति का कार्य महत्वपूर्ण है। उन्होंने सीसीटीवी केमरे को लेकर शहर भर में सुरक्षा सम्मेलन आयोजित करने के लिये सभी व्यापारिक संगठनों को आग्रह किया है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इडिया ट्रेडर्स (कैट) मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, जिला अध्यक्ष रवि गुप्ता के साथ आज बाजारों के व्यापारिक संगठन एवं कैट पदाधिकारियों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मोती उर रहमान आईपीएस से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर कैट के विकास हरलालका, गोपाल जायसवाल, दिलीप पंजवानी, कविता जैन, साधना शांडिल्य, रानी बंसल, निरुपमा मालपानी, बंटी गुप्ता, उदित चतुर्वेदी, प्रतीक अग्रवाल, अभिराज बंसल आदि उपस्थित थे।

# एमपीसीसीआई की माँग पर म. प्र. शासन का महत्वपूर्ण निर्णय

औद्योगिक क्षेत्र के उद्योग संघ द्वारा स्वयं औद्योगिक क्षेत्र के संधारण हेतु लिखित में सहमति दी जाने पर औद्योगिक क्षेत्र के संधारण का कार्य उद्योग संघ को सौंपे जाने का राज्य शासन ने लिया निर्णय। ग्वालियर । म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री की माँग पर मध्यप्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा दिनांक 21 अक्टूबर,22 को एक आदेश जारी करके, ÷म. प्र. एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम,2021÷ में संशोधन करते हुए ÷ऐसे औद्योगिक क्षेत्र जिनके निर्वाचित एवं पंजीकृत उद्योग संघ द्वारा स्वयं औद्योगिक क्षेत्र के संधारण हेतु महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को लिखित में सहमति प्रदान की जाती है, उन औद्योगिक क्षेत्रों के संधारण का कार्य उद्योग संघ को सौंपे जाने का निर्णय लिया गया है । चेम्बर के अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि ऐसे औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित इकाईयों से संधारण शुल्क की राशि शासन द्वारा वसूल नहीं की जाएगी तथा शासन द्वारा ऐसे औद्योगिक क्षेत्रों के संधारण हेतु राशि व्यय नहीं की जाएगी । उद्योग संघ प्रति वर्ष संधारण शुल्क के लिए इकाईयों से प्राप्त की जाने वाली राशि का निर्धारण कर राशि वसूल कर सकेंगे । पदाधिकारियों ने राज्य शासन के उपरोक्त महत्वपूर्ण निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि इससे निश्चित ही उद्यमियों को राहत मिलेगी और अब वह अपने संगठन के माध्यम से अपने-अपने औद्योगिक क्षेत्र का बेतर तरीके से विकास और उसका रखरखाव कर सकेंगे । पदाधिकारियों ने उद्योगों के हित में लिए गए उपरोक्त निर्णय पर, प्रदेश के मुख्यमंत्री- शिवराज सिंह चौहान एवं एमएसएमई मंत्री- ओमप्रकाश सखलेचा के प्रति हार्दिक आभार व धन्यवाद व्यक्त किया है ।





# जेएएच को नए अस्पताल से जोड़ने के लिए तीन विकल्प पर विचार, फिर उस पर निर्णय लिया जाएगा

## अंडरपास बने सड़क बंद करें या बनाएं ओवर ब्रिज, नगर निगम और लोक निर्माण विभाग एक सप्ताह में तैयार करेंगे प्लान

**ग्वालियर।** कंपू पर जयारोग्य चिकित्सालय परिसर में तैयार हो रहे एक हजार बिस्तर के नए अस्पताल को जेएएच कैंपस से जोड़ने के लिए बुधवार को एक बार फिर अधिकारी सड़कों पर निकले। लेकिन इस बार भी तय नहीं हो पाया कि दोनों अस्पतालों के बीच मौजूद कस्तूरबा मार्ग (कस्तूरबा मूर्ति चौक से आमखो तक) को बंद किया जाए या फिर अंडरपास एवं ओवरब्रिज के जरिए अस्पताल परिसर मर्ज किए जाएं। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने नगर निगम, गजराराजा मेडिकल कॉलेज, लोक निर्माण विभाग, पीआईयू के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कस्तूरबा मार्ग बंद करने के अलावा जेएएच व नए अस्पताल के बीच अंडरपास या ओवर ब्रिज बनाए जाने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। कई बिंदुओं पर चर्चा होने के बाद नगर निगम और लोक निर्माण विभाग को सर्वे कर प्लान तैयार करने के लिए कहा गया। ये प्लान अगले एक सप्ताह में तैयार होगा। फिर उस पर निर्णय लिया जाएगा।

# सड़कों का काम बंद मिला तो बिफरे अफसर, ठेकेदार से कहा- जेल भेज देंगे



**ग्वालियर।** सड़क निर्माण में ठेकेदार कंपनी की ढिलाई पर जिला प्रशासन, नगर निगम और स्मार्ट सिटी के अधिकारी सड़कों पर बिफरते नजर आए। गुरुवार को निरीक्षण पर निकले संभागीय आयुक्त दीपक सिंह, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल, स्मार्ट सिटी सीईओ नीतू माथुर ने राजपायगा रोड और आमखो से हॉकी अकादमी रोड की स्थिति देखी। जिसे देख अधिकारियों को गुस्सा आ गया। क्योंकि, आमखो से अकादमी तक की सड़क पर कोई काम नहीं हो रहा था और राजपायगा रोड पर धीमी गति से काम चल रहा था। संभागीय आयुक्त एवं कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान इन कामों में ढिलाई के लिए ठेकेदार के खिलाफ 3 बार एफआईआर कराने की बात कही। आमखो से हॉकी अकादमी तक सड़क का निरीक्षण करते हुए जब अधिकारी अकादमी के बाहर पहुंचे तो कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने ठेकेदार को तलाशा। थोड़ी देर बाद ठेकेदार कंपनी के अधिकारी मणिभूषण को देखकर सिंह ने कहा कि मैंने पहले भी कहा- अकादमी में खेलो इंडिया प्रतियोगिता होनी है और 15 दिसंबर तक टीम निरीक्षण के लिए आएगी। सड़क पर काम भी बंद पड़ा है, कैसे सड़क तैयार होगीड़ मणिभूषण ने कहा कि काम चल रहा है तो कलेक्टर चिल्लाए और बोले-इतने लोग उसी सड़क से आ रहे हैं। किसी से भी पूछ लो, अगर कोई भी काम कर रहा हो तो, झूठ बोल रहे हो। फिर कलेक्टर ने कहा, आज ही एफआईआर कराओ।

# रेलवे स्टेशन पर मिला 21 डलिया मावा, 4 नमूने लिए

**ग्वालियर।** दीपावली के बाद खाद्य पदार्थों की जांच के सुस्त पड़े अभियान को गति देने गुरुवार शाम कलेक्ट्रेट में बैठक हुई। इसके कुछ घंटे बाद ही खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को बस स्टैंड पर 21 डलिया मावा मिल गया। इसकी जानकारी सबसे पहले क्राइम ब्रांच सीएसपी ऋषिकेश मीणा तक पहुंची थी। दीपावली के बाद इतनी मात्रा में पहली बार मावा मिला है। इसे धौलपुर से भोपाल भेजा जा रहा था। कार्रवाई के दौरान क्राइम ब्रांच से एएसआई जितेंद्र शर्मा तथा अर्चना कंषाना, भानु कुशवाह आदि मौजूद थे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश गुप्ता, सतीश धाकड़ व सतीश शर्मा ने बताया कि उन्हें पुलिस ने बस स्टैंड के पिछले हिस्से में 21 डलिया मावा होने की सूचना दी थी। पुलिस के मुताबिक कुछ डलिया बस में रखी जा चुकी थीं। यह मावा



धौलपुर के मोनू अग्रवाल का बताया गया है। इसे बस से भोपाल भेजा जाना था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी गुप्ता ने कहा कि बस शरद ट्रेवल्स की थी। चूंकि मावा मालिक मौजूद नहीं था, इसलिए बस संचालक अजय शर्मा की मौजूदगी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सतीश शर्मा ने 4 नमूने लिए। इसके बाद ढाई लाख रुपए कीमत का 836 किलो मावा जब्त कर बस संचालक के ही सुपुर्द कर दिया गया। अभिहित अधिकारी व एसडीएम अशोक चौहान ने दो सप्ताह से नमूनों की रफ्तार कम होने पर असंतोष जताते हुए अगले चार दिन के लिए अफसरों को टारगेट सौंपा। बैठक में चौहान ने कहा कि चलित लैब को शहर के अलग-अलग बाहरी क्षेत्रों पर जांच के लिए भेजा जाए। जो बड़े आवासीय भवन हैं वहां भी लैब भेजी जाए ताकि वहां के लोग खाद्य पदार्थों की जांच अपने सामने करा सकें। खाद्य पदार्थों की बिक्री के जो बड़े कारोबारियों की जांच भी की जाए।

# 21.35 करोड़ रुपए का और इंतजाम करने में जुटे अफसर, सड़क कचरा, बिजली सहित अन्य मदों से राशि कम करने की तैयारी

**ग्वालियर।** नई परिषद चुनने के बाद महापौर, सभापति (अध्यक्ष) और पार्षदों को मौलिक निधि की राशि देने का तय हो चुका है। यह राशि सड़क, कचरा, बिजली, जनभागीदारी सहित अन्य मदों से 50 प्रतिशत 18.35 करोड़ रुपए निकाली गई थी, लेकिन नगर निगम परिषद में फैसले के बाद शेष 50 प्रतिशत से ज्यादा राशि और निकालने के लिए नगर निगम के अफसर विभिन्न मदों के बजट को खंगालने में जुट गए हैं। परिषद के नए ठहराव के हिसाब से 21.35 करोड़ रुपए की राशि मौलिक निधि के लिए और चाहिए। क्योंकि अब सभापति की मौलिक निधि राशि 2 से बड़ाकर 5 करोड़ कर दी गई है। अभी तक प्रशासक अपने हिसाब से बजट बना रहे थे। उसमें मौलिक निधि का कोई प्रावधान नहीं रखा गया था। इस तरह से दो साल की मौलिक निधि राशि 37-37 करोड़ विभिन्न मदों के माध्यम से खर्च की गई। अब नगर परिषद में आए जनप्रतिनिधियों ने मौलिक निधि राशि की मांग की है। निगम ने आधा साल गुजर जाने के आधार पर मौलिक निधि 50 प्रतिशत के हिसाब से तय कर परिषद को पहुंचाई गई थी। महापौर को 2.50 करोड़, सभापति को एक करोड़ और हर पार्षद को 22.50-22.50 लाख रुपए देना तय किया गया था।

## अतिथि विद्वानों ने अखंड रामायण पाठ शुरू किया, प्रशासन ने कहा- सुबह 11 बजे तक हटने की सहमति बनी

**ग्वालियर।** अतिथि विद्वान नियमितीकरण संघर्ष मोर्चा द्वारा फूलबाग पर दिए जा रहे धरने को लेकर अब विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। अतिथि विद्वानों ने गुरुवार की शाम को अखंड रामायण पाठ शुरू कर दिया है, अखंड रामायण पाठ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना के लिए रखा गया है। वहीं धरनास्थल से कुछ ही दूरी पर स्थित फूलबाग मैदान पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत अधिवेशन के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आगमन शुक्रवार की दोपहर होगा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में कोई गड़बड़ न हो इसलिए प्रशासनिक अधिकारी अतिथि विद्वानों से चर्चा करने के लिए गए थे। प्रशासन का कहना है कि शुक्रवार सुबह 11 बजे तक अतिथि विद्वानों के हटने की सहमति बन गई है।

Aadhar
Housing Finance Ltd
GHAR BANEGA, TOH DESH BANEGA.
HOME LOAN | PLOT PURCHASE | TOPUP
HOME EXTENSION | LAP | PURCHAS + CONSTRECTION
Add. Alaknanda Tower - 2, City Centre, Gwalior
Contact : Mr. Santosh Singh Bhadoriya
9179661562

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478